अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडिक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# कन्नौज ने मंडलीय प्रतियोगिता में 16 स्वर्ण पदक झटके

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



बालिका वर्ग की चैम्पियन प्रिया पाल को मेडल पहनाते बीईओ मुख्यालय विपिन कुमार।



राष्ट्रीय एकांकी विजेता टीम उच्च प्राथमिक स्कूल निजामपुर द्वितीय, हसेरन।

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के विद्यार्थियों की कानपुर मंडल स्तर की बाल कीड़ा प्रतियोगिता इटावा में संपन्न हुई। इसमें कन्नौज के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्राथमिक एवं जूनियर स्तर में 16 स्वर्ण, 43 रजत, 04 कांस्य पदक कुल 63 पदक जीते। हसेरन ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल ब्राहिमपुर की छात्रा प्रिया पाल ने प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में चैंपियनशिप जीती। प्रतियोगिता में कुल 06 जनपदों ने इसमें प्रतिभाग किया।

- कानपुर क्षेत्र के कुल 06 जनपदों से आए विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग
- प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में छात्रा प्रिया पाल ने चैंपियनशिप जीती

इटावा में 18 व 19 फरवरी को 02 दिवसीय मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता इटावा के ज्योतिबाफुले स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुई। विभिन्न खेल विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं ने इसमें प्रतिभाग किया। जिला व्यायाम शिक्षक राजीव शुक्ल ने बताया कि प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़, लंबी कूद तथा उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, बालिका वर्ग में कुश्ती तथा टीम इवेंट राष्ट्रीय एकांकी में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद ने कुल 16 स्वर्ण पदक जीते। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 600 मीटर दौड़, बालिका वर्ग में ऊंची कूद, कुश्ती में 04 तथा टीम इवेंट पीटी, जिमनास्टिक, कबड्डी, समूह गान में द्वितीय स्थान प्राप्त कर कुल 43 रजत पदक झटके। प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़, उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 400 मीटर दौड़, बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ तथा 200 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर कुल 04 कांस्य पदक प्राप्त किए। बीएसए संदीप कुमार ने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने अपनी अद्वितीय खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। इस वजह से कानपुर मंडल स्तर पर बेसिक शिक्षा विभाग कन्नौज का नाम रोशन हुआ है। सभी विजेता विद्यार्थियों को जनपद स्तर पर सम्मानित भी किया जाएगा। इस मौके पर बीईओ मुख्यालय/ उमर्दा विपिन कुमार, जिला व्यायाम शिक्षिका श्रद्धा चौहान, जिला व्यायाम शिक्षक मुनीष गुप्ता, रजनीश कनौजिया, अशोक सक्सेना, शैलेंद्र कुमार व अशोक कुमार उपस्थित रहे।

# कोल्ड स्टोर मालिक ने भाड़ा नहीं किया निर्धारित, भण्डारण शुरू

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- किसान संघर्ष समिति ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** किसान संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा है। मांग की है कि कोल्ड स्टोरेज मालिकों ने आलू भण्डारण का किराया निर्धारित किये वगैर आलू का भण्डारण शुरू किया है।

जिले में आलू का भण्डारण कोल्ड स्टोरेजों में शुरू हो गया है। कोल्ड स्टोरेज के मालिकों ने कोल्ड में आलू रखने का भाड़ा तय नहीं किया है। इसी को लेकर किसानों की शिकायत पर किसान संघर्ष मोर्चा ने इस किसानों के गंभीर मामले को गंभीरता से लिया है। गुरुवार को समिति के अध्यक्ष गीतेंद्र सिंह यादव, संयोजक रविंद्र श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष प्रमोद चतुर्वेदी, सुनील दत्ता कटियार उर्फ खरे कटियार, सुभाष चंद्र वर्मा, अतुल दुबे, रामदास, राम शंकर, राम सनेही समेत अन्य किसानों ने पदाधिकारियों के साथ मुख्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को सौंपा। इसमें कहा कि कोल्ड स्टोरेज मालिक मनमानी कर रहे हैं। सीजन शुरू हो गया है। इस के बाद भी अभी तक मालिकों ने कोल्ड स्टोरेज का भाड़ा तय नहीं किया है। जो कोल्ड स्टोरेज अधिनियम व किसानों के खिलाफ है। बीते वर्ष से किसानों को आलू का भाव न मिलने से किसान परेशान है। उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। इस संबंध में 16 फरवरी को जिला उद्यान अधिकारी को लिखित रुप से अवगत कराया जा चुका है पर अभी तक समस्या का निदान नहीं किया गया है। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि इस गंभीर समस्या का निदान किया जाये ।

## न्यूज ब्रीफ

### घर में रखे लाखों रुपये के नकदी जेवरात चोरी

**गुरसहायगंज।** चोरों ने घर में रखे सोने चांदी के आभूषण व नकदी चोरी कर ली। महिला को इसकी जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला सीमांत नगर निवासी नेहा शर्मा पत्नी रामचन्द्र शर्मा ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके घर में रखे सोने चांदी के आभूषण व 50 हजार रुपये किसी ने चोरी कर लिए। उसे 19 फरवरी को इसकी जानकारी हुई। काफी तलाश करने के बाद भी चोर का पता नहीं लग सका। आभूषण की कीमत करीब ढाई लाख रुपये होगी। कोतवाली पुलिस ने मामले जांच शुरू कर दी है।

### रंजिशन युवक को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज।** रंजिश के चलते गांव के दो लोगों ने गाली गलौज की और युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित के भाई ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। ग्राम रौतामई निवासी हरदेश पुत्र रामचन्द्र ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि बीती 18 फरवरी की शाम लगभग 07 बजे गांव के दो लोग उसके दरवाजे पर आए और रंजिश को लेकर उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसके भाई राहुल को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी।

### पुलिस ने तीन पर गैंगस्टर लगाया

**गुरसहायगंज।** परिवार को आर्थिक व भौतिक लाभ देने के लिए अपराध करने वाले तीन लोगों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। कोतवाल अजय कुमार अवस्थी ने दर्ज कराई रिर्पोट में कहा है कि संगठित गिरोह बना कर परिवार के सदस्यों को आर्थिक व भौतिक लाभ देने के लिए मंदिरों में चोरी आदि आपराधिक कार्य करने वाले हरदोई के थाना कोतवाली शहर, मुहल्ला दरीशगंज मस्जिद वाली गली निवासी गैंगलीडर सगीर, हरदोई के थाना कोतवाली शहर ग्राम गरीबपुर्वा निवासी गैंग के सदस्य नसीम उर्फ नसीमुद्दीन व कन्नौज के थाना तालग्राम ग्राम खबरामऊ निवासी पंकज पटेल पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। जबकि हरदोई के थाना कोतवाली शहर गरीबपुर्वा निवासी आशिक अली की उम्र अधिक होने के कारण गैंग चार्ट में शामिल नहीं किया गया।

### इस्लाम में हर बालिग इंसान के लिए रोजा वाजिब

**सौरिख।** समाज सेवी अली अब्बास नकवी ने कहा कि इस्लाम धर्म में हर बालिग और स्वस्थ् इंसान के लिए रोज़ा वाजिब बताया है। कहा कि रोज़ा इंसान की रूह को नर्म, लतीफ, उसके इरादे को मज़बूत और उसकी ख्वाहिशों को कंट्रोल करता है। तकवा और परहेज़गारी की राह में इंसान की मदद करता है। रमजानुल मुबारक के पवित्र महीने में मुस्लिम समाज के लोग उत्साह के साथ अल्लाह की इबादत करते हैं।

# ऑपरेटर कम से कम एक आयुष्मान कार्ड रोज बनाएं

## प्रति दिन के लक्ष्य में 74 आयुष्मान कार्ड कम बने

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- डीएम ने सीएमओ को दिये निर्देश कि लक्ष्य को हर माह पूरा करें




**अमृत विचार।** आर्थिक रुप से कमजोर लोगों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देने के लिये आयुषमान आईडी बनाने का काम किया जा रहा है। प्रत्येक ऑपरेटर को प्रति दिन कम से कम एक आईडी बनाने के निर्देश दिये गये हैं। इस निर्देश के बाद भी 74 आयुषमान कार्ड कम बनाये गये। इस पर डीएम ने नाराजगी जताई है।

आयुष्मान योजना सरकार की एक प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना है। इस योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाता है। योजना के तहत गम्भीर बीमारियों के इलाज में आने वाले भारी खर्च से गरीब परिवारों को राहत मिलती हैं। सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में निशुल्क इलाज की सुविधा प्राप्त है। जनपद में आयुष्मान योजना के अंतर्गत 3 लाख 39 हजार 799 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड की आईडी बननी है। इसके लिए कुल 1237 ऑपरेटर आईडी सक्रिय हैं। इस फरवरी माह में 1110 आयुष्मान कार्ड की ही जनरेट किये गये, जबकि 1237 ऑपरेटर आईडी हैं, जो कि उपलब्ध ऑपरेटरों की संख्या के सापेक्ष जनरेट किये गये कार्ड अपेक्षित प्रगति से कम हैं। औसतन प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लगभग 74 कार्ड कम बनाए गए हैं। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने इस लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता को निर्देश दिये कि प्रति आपरेटर प्रति दिन कम से कम से एक आयुष्मान आईडी अवश्य बनायें।

उन्होंने कहा कि यह शासन की प्राथमिकता वाली जनकल्याणकारी योजना है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नही होगी। इस कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा प्रगति की दैनिक समीक्षा की जाए। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# खंभे पर चढ़ते ही करंट लगने से युवक की मौत

**छिबरामऊ।** मंदिर में लाइट ठीक करने के लिए विद्युत पोल पर चढ़े युवक को करंट लग गया। इससे वह अचेत हो गया। परिजन उसे सौ शैया अस्पताल ले गये। यहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

जनपद मैनपुरी के ग्राम अरसनिया पोस्ट ज्योति, थाना बेवर निवासी सत्येंद्र (25) पुत्र दयाशंकर की करेंट लगने से मौत हो गई। उसकी शादी मात्र तीन महीने पहले ग्राम मुड़िया कसवा के पास निवासी शिवानी के साथ हुई थी। बताया जा रहा है कि सत्येंद्र गांव के पास मंदिर में लाइट ठीक करने के लिए एलटी लाइन के खंभे पर चढ़े थे। इसी दौरान उन्हें तेज बिजली का झटका लगा, जिससे मौके पर ही वह अचेत होकर गिर पड़े। परिजनों ने उन्हें तुरंत सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आकस्मिक हादसे से पूरा परिवार सदमे में है। पुलिस जांच कर रही है।


कलक्ट्रेट में धरना देते कांग्रेसी। अमृत विचार

# विधान सभा के घेराव के दौरान लाठीचार्ज पर कांग्रेसियों ने जताया विरोध, प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** लखनऊ में विधान सभा के घेराव के दौरान पुलिस की ओर से की गई लाठीचार्ज का कांग्रसियों ने विरोध जताया है। उन्होंने कलक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा का घेराव कार्यक्रम किया गया, जिसमें बीजेपी की सरकार ने पुलिस से लाठी चार्ज करवा कर गरीबों मजलूमों की आवाज़ दबाने की कोशिश की। परंतु कांग्रेस जनों ने गांधी के रास्ते पर चलकर प्रदर्शन किया। इसको लेकर गुरुवार को कांग्रेसियों ने जिला अध्यक्ष मो. शाकिर हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट पर गांधी के रास्ते पर चलकर धरना प्रदर्शन किया और लाठी चार्ज का विरोध करते हुए घोर निंदा की गई।

इस अवसर पर पूर्व जोनल प्रवक्ता विवेक नारायण मिश्र, तारिक बशीर, महिला नेत्री रीना सिंह, शमशाद खान ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए घोर निंदा की। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में एहसानुल हक़, राजीव श्रीवास्तव, महेश पांडेय, वसीजान ओवैसी, अमोल दीक्षित, सरफ़राज़ हुसैन, इमरान अली ब्लॉक अध्यक्ष, लियाक़त अली ब्लॉक अध्यक्ष, असगर हुसैन,आरिफ खान समधन अध्यक्ष, सर्वेश यादव , रामतीर्थ सैनी तिर्वा अध्यक्ष, सत्यप्रकाश, मेराज सिद्दीकी, अतीक़ सिद्दीकी, जितेंद्र सिंह, पप्पू खान,रामप्रकाश, तनवीर, राजवीर,रामप्रकाश,सनी आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# परिजनों को गाड़ी से उतार किशोरी का अपहरण किया

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- पीड़ित पिता ने पुलिस से की शिकायत
- पुलिस मामले की जांच कर रही है अभी तक कुछ पता नहीं

**अमृत विचार।** भगा कर लेजाई गई किशोरी को बरामद कर पुलिस ने परिजनों को सौंपा। दबंग फिर किशोरी का अपहरण कर ले गये। मामले की शिकायत पीड़ित परिवार ने एसपी से की है।

छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को गांव के ही दबंगों ने अपने घर में कैद कर लिया। छिबरामऊ कोतवाली में शिकायत की तो पुलिस ने किशोरी को आरोपियों के साथ कोतवाली बुलाया। जहां किशोरी के परिजनों के साथ पुलिस ने समझौता होने के बाद किशोरी को उसके पिता के सुपुर्द करने का फैसला किया गया। दोनों पक्षों को एक ही वाहन से गांव भेजा गया। पीडित किशोरी के पिता का आरोप है कि 15 फरवरी को उक्त लोग पुत्री को कोतवाली से लेकर उसके साथ आये। रास्ते में किशोरी के परिजनों को वाहन से नीचे उतार दिया और इसके बाद पुत्री का अपहरण कर ले गये।

इस घटना के बाद किशोरी का पिता वेहोश हो गया। ठीक होने पर उसने 17 फरवरी की रात 10 बजे 1090 व 112 पर फोन कर पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने भी खोज की पर पुत्री का कोई पता नहीं चला।

# फूलमती मंदिर में शिखर के निर्माण में चल रही खुदाई के समय मिला कुआं

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- इतिहासकार सात कुएं होने का कर रहे दावा


माता फूलमती मंदिर के पिलर निर्माण की खुदाई के दौरान निकला कुआं।

**अमृत विचार।** शहर के सिद्धपीठ मां फूलमती देवी मंदिर के शिखर निर्माण के लिए हो रही खुदाई के दौरान एक प्राचीन कुआं मिला है। यह कुआं करीब 40 से 60 फिट गहरा है। यह कुआं चर्चा का विषय बना हुआ है।

शहर के माता फूलमती मंदिर में 101 फिट ऊंचे शिखर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। गुरुवार को मजदूर पिलर का निर्माण करने के लिये खुदाई कर रहे थे। इसी दौरान एक कुआं मिला। जब अधिक खुदाई की गई तो देखा कि कुएं की चौड़ाई व गहराई अधिक है। इससे खुदाई के काम को रोक दिया गया। जानकारी होते ही लोगों की भीड़ लगने लगी। माता फूलमती मंदिर के पुजारी शिखर मिश्रा ने बताया कि मां फूलमती देवी के प्रांगण में कुल सात प्राचीन कुएं थे। इनमें से एक कुआं अब खुदाई में सामने आया है। उन्होंने बताया कि जन सहयोग से माता के मंदिर पर 101 फीट ऊंचा शिखर का निर्माण होना है। इसके पिलर गर्भगृह के पास चारों कोनों में खुदाई का काम कराया जा रहा है। खुदाई के दौरान एक साइड की दीवार अचानक से धंस गई। जब खुदाई कर देखा गया तो पाया एक विशाल कुआं है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस प्राचीन कुएं को फिर से चालू किया जायेगा या बंद किया जायेगा। इस पर समिति मंथन करने के बाद आखरी निर्णय लेगी। मन्दिर के पुजारी शिखर मिश्रा ने बताया कि माता फूलमती की मां कन्नौज की रानी थीं। यहां पर सात कुएं होने की संभावना है।

# बीमारी से सेना के जवान का निधन

संवाददाता तिर्वा

- नम आंखों के बीच किया गया अंतिम संस्कार


भूपेंद्र सिंह यादव।

**अमृत विचार।** सेना के जवान का लंबी बीमारी के बाद उपचार के दौरान निधन हो गया। शव गांव पहुंचते ही लोगों की भीड़ लग गई। नम आंखों के बीच उनको अंतिम विदाई दी गई।

कोतवाली क्षेत्र के हंसापुर निवासी भारतीय सेना के वीर जवान भूपेंद्र सिंह यादव(42) का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा। भूपेंद्र सिंह हरियाणा के हिसार जिले में तैनात थे और देश की सेवा कर रहे थे। कुछ समय से वह बीमारी से जूझ रहे थे, जिसके चलते बुधवार देर शाम को दिल्ली में उनका निधन हो गया। तिरंगे में लिपटा जवान का शव गुरुवार को पैतृक गांव पहुंचा। शव देख ग्रामवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। "भूपेंद्र सिंह अमर रहें" के नारों से आसमान गूंज उठा। उनकी अंतिम विदाई में न केवल ग्रामीण, बल्कि विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में युवा भी शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, सपा नेता कुक्कू चौहान, इन्द्रेश यादव, वालजीत राजपूत, मनोज लोधी राजपूत, आदि लोग मौजूद रहे।

राहत

विद्यालयों में मिड-डे मील के लिए कन्वर्जन कास्ट का बजट आया

# 1576 स्कूलों में जल्द भेजे जाएंगे 4 .67 करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


सदर ब्लॉक कन्नौज क्षेत्र के यूपीएस हैवतपुर कटरा में फल दिखाते विद्यार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के परिषदीय, सहायता प्राप्त व मदरसा समेत 1576 उन स्कूलों के लिए अच्छी खबर है जहां मिड-डे मील संचालित है। बेसिक शिक्षा विभाग को कन्वर्जन कास्ट के लिए 04 करोड़ 67 लाख 95 हजार 392 रुपये का बजट मिल गया है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि सितंबर से नवंबर 2025 तक का बजट विभाग को मिल गया है। कन्वर्जन कास्ट में भोजन बनाने की लागत जैसे सब्जी, मसाला व ईंधन आदि शामिल है। बताया गया है कि प्राथमिक स्तर पर 6.19 रुपये और उच्च प्राथमिक स्तर पर 9.29 रुपये कन्वर्जन कास्ट है इसे दिसंबर 2024 से लागू किया गया है। इससे पहले कन्वर्जन कास्ट कम थी। इसमें खाद्यान्न को छोड़कर उसे भोजन में बदलने का खर्च शामिल है। 60 फीसदी बजट केंद्र व 40 फीसदी राज्य सरकार देता है।

बीएसए का कहना है कि 1006 परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, 250 उच्च प्राथमिक विद्यालय, 194 कंपोजिट विद्यालय, 30 अशासकीय सहायता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालय, 13 सहायता प्राप्त मदरसे, 04 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय विद्यालय, 01 अनुदानित संस्कृत विद्यालय एवं 60 इंटर कॉलेज, इस प्रकार कुल 1576 विद्यालयों में निर्धारित मेन्यू के अनुसार मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी से अनुमोदन कराकर संबंधित खातों में भुगतान कर दिया जाएगा।

### फलों के लिए भी 85 लाख रुपये आए

- विद्यालयों में प्रत्येक सोमवार को बच्चों को मिड-डे मील योजना में पीएम पोषण के तहत मौसमी फल भी दिए जाते हैं। प्रति छात्र के लिए 04 रुपये का बजट भेजा जाता है। बीएसए ने बताया कि इसके लिए अलग से 85 लाख 27 हजार 184 रुपये आए हैं जिसे जल्द ही भेजा जाएगा।

### मानदेय से रसोइयों की मन सकेगी होली

- बीएसए ने बताया कि जिले में 3747 रसोइयां तैनात हैं। जनवरी 2026 का 73 लाख 13 हजार 866 रुपये का बजट मिल गया है जो होली से पहले ही उनके खातों में भेज दिया जाएगा।

# डीबीटी से वंचित हुए बच्चे तो बीईओ होंगे जिम्मेदार

अमृत विचार खबर का असर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


मार्च में खत्म होगा सत्र, बच्चों को नहीं मिले 1.74 करोड़ रुपये

अमृत विचार समाचार पत्र में प्रकाशित खबर।

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के कक्षा 01 से 08 तक के सैकड़ों छात्र-छात्राएं डीबीटी से वंचित हैं। निःशुल्क यूनीफार्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा तथा स्टेशनरी खरीदने के लिए अभिभावकों के खातों में डीबीटी के तहत 1200-1200 रुपये भेजे जाते हैं। बीएसए ने सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा है। कहा है कि दो दिन में कार्य पूरा कराएं नहीं तो कारवाई की जाएगी।

बताते चलें कि आपके अपने लोकप्रिय समाचार पत्र अमृत विचार ने शीर्षक 'मार्च में खत्म होगा सत्र, बच्चों को नहीं मिले 1.74 करोड़ रुपये' खबर प्रकाशित कर डीबीटी न मिलने का मामला प्रमुखता से उठाया था।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि डीबीटी के तहत धनराशि सीधे छात्र-छात्राओं के माता- पिता/ अभिभावकों के खाते में हस्तांतरित की जाती है। आधार सीडेड बैंक खाते में भेजी जाती है। प्रक्रिया को पूरा करने के निर्देश शासन से हैं। उन्होंने बताया कि विकास खंड क्षेत्रों में डीबीटी प्रक्रिया प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक स्तर पर लंबित है, जैसे छात्र-छात्राओं के आधार सत्यापित न होना, अभिभावक का आधार सत्यापित न होना, अभिभावक का आधार बैंक खाते से सीड न होना, सस्पेक्टिड छात्र- छात्राओं की प्रक्रिया लंबित होना उचित नहीं है। बीएसए ने रिमाइंडर भेजकर डीबीटी प्रक्रिया को 02 दिवस में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। जिससे बचे हुए सैकड़ों विद्यार्थियों के माता- पिता / अभिभावकों के आधार सीडेड बैंक खाते में धनराशि भेजी जा सके। प्रेरणा पोर्टल पर यूनिफार्म की फोटो अपलोड न होना के मामलों को भी निस्तारित करने को कहा गया है। अगर समय रहते धनराशि माता-पिता के खातों में हस्तान्तरित नहीं हो पाती है तो लापरवाही का दोषी बीईओ को मानते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार
कानपुर, शुक्रवार, 20 फरवरी 2026



## न्यूज ब्रीफ

### रोटरी क्लब का नेत्र शिविर कल

**कन्नौज।** रोटरी क्लब की ओर से एक नि :शुल्क नेत्र शिविर असहाय जनों के लिए 22 फरवरी रविवार को सुबह 10 बजे से जीटी रोड स्थिति पीएसएम डिग्री कॉलेज प्रांगण में आयोजित किया जायेगा। इसमें शंकरा हॉस्पिटल कानपुर के कुशल टीम द्वारा मरीजों की आंख की जांच की जायेगी। उसमें नि :शुल्क चश्मा, दवाएं भी दी जाएगी। ऑपरेशन के लिए चयनित किए गए मरीजों को नि :शुल्क बस से कानपुर हॉस्पिटल में भेजा जाएगा। ऑपरेशन उपरान्त मरीज उसी बस द्वारा वापस कन्नौज आयेंगे। मरीज को आधार कार्ड की फोटो कॉपी लाना होगा। अन्य कोई जानकारी लेने के लिए उमाकांत शुक्ला के मोबाइल नम्बर 9415146827 पर संपर्ककिया जा सकता है।

### 152 परीक्षार्थियों ने छोड़ा बोर्ड का इम्तिहान

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की परीक्षाओं के दूसरे दिन हाईस्कूल में कंप्यूटर, इंटरमीडिएट में नागरिक शास्त्र व वैकल्पिक विषय पुस्तकालय विज्ञान का पेपर हुआ। इसमें कुल 152 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। डीआईओएस कार्यालय के मुताबिक सुबह पहली पाली में हाईस्कूल में कंप्यूटर विषय की परीक्षा 23 केंद्रों पर संपन्न हुई। पंजीकृत 358 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 313 शामिल हुए और 45 गैरहाजिर रहे। पहली पाली में ही इंटर की पुस्तकालय विज्ञान की परीक्षा 08 केंद्रों पर कराई गई। पंजीकृत 337 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 261 ने इम्तिहान दिया और 76 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की नागरिक शास्त्र विषय की परीक्षा 70 केंद्रों पर संपन्न कराई गई। पंजीकृत 2331 परीक्षार्थियों में 2200 ने परीक्षा दी। 131 अनुपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में दो ममेरे भाई घायल

**फर्रुखाबाद।** सड़क दुर्घटना में दो ममेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब वे अपनी फुफेरी बहन का तिलक चढ़ाने जा रहे थे। दोनों को डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कमालगंज के गांव टांडा बैरामपुर निवासी 16 वर्षीय ऋतिक पुत्र सुनील और 22 वर्षीय रामलखन पुत्र संतराम को बुधवार देर रात्रि डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉ. अभय श्रीवास्तव ने उनका इलाज उपचार किया। घायलों के भतीजे हंसू ने बताया कि ऋतिक और रामलखन बाइक से गांव बिछलैया निवासी बुआ कलावती की पुत्री शारदा का तिलक चढ़ाने के लिए शमशाबाद इमादपुर जा रहे थे। गांव उलियापुर के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। दुर्घटना में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें 108 एंबुलेंस की सहायता से तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल लोहिया पहुंचाया गया।

### पिकअप की टक्कर से युवक घायल

**फर्रुखाबाद।** बुधवार रात्रि बढ़पुर क्षेत्र में एक पिकअप से गिरकर 35 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे डॉ. राममनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल युवक दीपक पुत्र मुकेश जनपद कन्नौज के विशुनगढ़ निवासी है। डॉ. राममनोहर लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात डॉ. अभय श्रीवास्तव ने बताया कि दीपक को गंभीर हालत में लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

### करंट लगने से किशोरी झुलसी

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के छोटी खजुरिया गांव में एक 13 वर्षीय किशोरी हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गई। उसे तत्काल कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, मेघनाथ की पुत्री नेहा अपनी बकरियों के लिए खेत में खड़े गूलर के पेड़ से टहनियां तोड़ रही थी। पेड़ के ऊपर से हाई टेंशन लाइन गुजर रही थी। इसी दौरान वह किसी तरह लाइन के संपर्क में आ गई और पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले गए। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जितेंद्र बहादुर ने बताया कि किशोरी को भर्ती कर उसका उपचार शुरू कर दिया गया है।

# अनुपयोगी भवनों को निष्प्रयोज्य घोषित करें

## डीएम ने कहा, 05 वर्ष से अधिक के लंबित राजस्व वादों का निस्तारण जल्द करें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने तहसील सदर कन्नौज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील परिसर, उप जिलाधिकारी कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, राजस्व न्यायालय, राजस्व संग्रह, नजारत, रियल टाइम खतौनी तथा आईजीआरएस सहित विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा की। साथ ही सफाई पर जोर दिया।

गुरुवार को निरीक्षण में डीएम ने तहसील परिसर में नियमित साफ-सफाई करने तथा तहसील भवन में आवश्यकतानुसार रंगाई-पुताई कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील परिसर में स्थित अनुपयोगी भवनों को निष्प्रयोज्य घोषित कर आवश्यक प्रक्रिया के लिए एसडीएम वैशाली को निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि 05 वर्ष से अधिक समय से लंबित राजस्व वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। जनसामान्य की सुविधा को देखते हुए वाहन पार्किंग, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को तत्काल सुव्यवस्थित करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील परिसर में आने वाले नागरिकों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार भारत मौर्या उपस्थित रहे।


तहसील सदर का निरीक्षण करते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री

- जिलाधिकारी ने तहसील सदर कन्नौज का निरीक्षण किया
- तहसील भवन में रंगाई-पुताई कराए जाने के निर्देश दिए

### ट्रक बिजली पोल से टकराया चालक बचा

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार देर रात एक बजे अलीगढ़ चौराहे पर एक अनियंत्रित ट्रक पहले बिजली के पोल से टकराया और फिर पास खड़े पेड़ में जा घुसा। ट्रक चालक बाल-बाल बच गया। तेज रफ्तार ट्रक भट्टे के सामने अनियंत्रित हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बिजली का खंभा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना के कारण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक दिल्ली से आ रहा था। चालक संजू (लगभग 32 वर्ष), पुत्र अमृतलाल, निवासी बेनी नगला, थाना उझानी ने बताया कि सडक़ पर अचानक गाय आ जाने के कारण उसे बचाने के प्रयास में ट्रक का संतुलन बिगड़ गया था। हादसे में ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, चालक संजू को गंभीर चोटें नहीं आईं और वह सुरक्षित है। बिजली का पोल क्षतिग्रस्त होने से इलाके की विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गयी। दुर्घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# सरायमीरा जीटी रोड पर जाम का कारण बने आबकारी के वाहन

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** सरायमीरा में जाम से निजात दिलाने में आबकारी विभाग के वाहन बाधक बने हुए हैं। आबकारी के सामने दिन के समय कईवाहन व शराब से लदे हुए ट्रक खड़े कर दिये जाते हैं। इससे जाम लगता रहता है।

सरायमीरा जीटी रोड पर जाम का कारण जहां रोडवेज की बसें हैं वही आबकारी विभाग के शराब लदे वाहन भी हैं। यहां पर देसी शराब की दो दो गोदाम होने से दिन के समय कई ट्रक एक साथ खड़े हो जाते हैं। यही नहीं दुकानों पर शराब पहुंचाने के लिये लोडर व आटो भी यही पर खड़े होते हैं। खास बात यह है कि ट्रकों से शराब की पेटी उतार कर गोदाम में न रखनी पड़े इस को लेकर ठेकेदार शराब की पेटी को सीधे ट्रक से उतार कर आटो या लोडर में लोड कर शराब की दुकानों पर भेजते हैं। दुकानों पर शराब की पेटी भेजने के बाद ट्रक में जो बचती है उसे उतार कर गोदाम में रखी जाती है। इससे आबकारी कार्यालय व गोदाम के सामने आड़े तिरछे वाहन खड़े किये जातो हैं। विभागीय अधिकारियों का संरक्षण मिलने से इन वाहनों के चालकों को न तो यातायात निरीक्षक का खौफ है न ही सिपाहियों का। इसलिये यह वाहन मनमाने तरह से खड़े किये जाते हैं। इससे पहले जाम लगने से यातायात प्रभारी रहे आफाक खां ने जिला आबकारी अधिकारी को जाम लगने की जानकारी दी थी। कहा था कि शराब लदे कई ट्रक एक साथ खड़े होने से जाम लग रहा है। इसलिये जिस ट्रक की शराब को उतारना हो उसे ही यहां खड़ा किया जाये। अन्य ट्रक बाईपास पर खड़े किये जाएं। जब एक ट्रक की शराब उतार न ली जाये तो दूसरे ट्रक के चालक को फोन कर ट्रक लाने को कहा जाये। इससे आबकारी कार्यालय के सामने फुटपाथ पर अधिक ट्रक नहीं खड़े होंगे। तो जाम की समस्या से निजात मिल जायेगी। यह जानकारी देने के बाद भी आज तक जिला आबकारी अधिकारी ने इस बात पर गौर नहीं किया है।


जीटी रोड सरायमीरा में आबकारी कार्यालय के सामने शराब से लदे खड़े ट्रक ।

- आबकारी कार्यालय में ही है शराब की गोदाम

# नवीन मण्डी में सफाई का ठेका, बाहर फैला रहे गंदगी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** नवीन मण्डी की सफाई का ठेका होने के बाद भी मण्डी के बाहर सफाई नहीं की जा रही है। इससे मण्डी के बाहर कूड़े के अंबार लग रहा है।

नवीन मण्डी में गंदगी की शिकायतें मण्डी के आढ़ती करते रहे हैं। अब मण्डी के बाहर गंदगी की शिकायतें होने लगी हैं। मण्डी के अंदर सब्जी मण्डी लगने से गंदगी होती तो बाहर फल मण्डी लगने से कूडा हो रहा है। खास बात तो यह है कि इस कूड़े को मण्डी के दोनों गेटों के बीच जीटी रोड के किनारे डाला जा रहा है। इस कूड़े को पूरे दिन अन्ना मवेशी खाते रहते हैं। यही नहीं स्थानीय दुकानदार भी दुकान से निकलने वाले कूड़े को इसी स्थान पर डाल रहे हैं। मण्डी के सामने से निकलने वाले यात्रियों को दुगंध आती रहती है। इसके अलावा स्थानीय दुकानदार भी इस कूड़े से परेशान हैं।

उन्होंने भले ही अधिकारियों को कोई लिखित शिकायत नहीं दी है पर वह खुल कर बोल रहे हैं कि मण्डी के सामने विभाग की मिली भगत से कूड़ा डाला जा रहा है। खास बात तो यह है कि मण्डी के अधिकारी कर्मचारी डाले गये इस कूडे को देखते तो हैं पर सफाई नहीं कराते हैं। इस संबंध में मण्डी के प्रभारी सचिव रघुराज प्रताप सिंह का कहना है कि मण्डी के अंदर की सफाई कर्मचारियों से कराई जाती है। मण्डी के बाहर का ठेका उनका नहीं है। यह सफाई नगर पालिका को करना है पर वह नहीं करते।

# कंछल गुट के सुधीर बने जिला महामंत्री, किया गया स्वागत

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कस्बा के युवा व्यापारी सुधीर कुमार प्रजापति को जिला महामंत्री मनोनीत किया है। इस पर व्यापारियों ने फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कंछल गुट के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने कस्बा के कालिका नगर निवासी युवा व्यापारी सुधीर कुमार प्रजापति को जिला महामंत्री के पद पर मनोनीत किया है। इस पर व्यापारियों ने माला पहना कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मनोनीत जिला महामंत्री ने व्यापारियों के हित के लिए कार्य करने का संकल्प लिया उन्होंने कहा कि वह व्यापारियों की हर समस्या के निदान को तैयार रहेंगे। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष विनोद गुप्ता, जिला अध्यक्ष मोहित गुप्ता, राजेश गोल्डी, शिव दुबे, विनय सिसौदिया अतुल दुबे, ऋषि प्रजापति सहित कई संभ्रांत नागरिक भी मौजूद रहे


जिला महामंत्री मनोनीत सुधीर का स्वागत करते व्यापारी। अमृत विचार

- जिला महामंत्री ने व्यापारियों के हित को कार्य का संकल्प लिया
- कहा, व्यापारियों की हर समस्या के निदान को तैयार रहेंगे

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# 413 शिक्षकों को मिलेगी बढ़ी सैलरी, सूची भेजी गई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद के परिषदीय स्कूलों के करीब 800 प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापकों का चयन वेतन लगाने की प्रक्रिया चल रही है। पहले चरण में 413 शिक्षकों की सूची जारी हो गई है। फरवरी से ही उनका वेतन बढ़ जाएगा जो मार्च में मिलेगा। इसको लेकर बीएसए ने वित्त एवं लेखाधिकारी को पत्र भेज दिया है।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि प्राथमिक, जूनियर परिषदीय स्कूलों के प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक का चयन वेतन लगाने की पहली सूची वित्त एवं लेखा विभाग में पहुंच गई है। उनके मुताबिक, 800 के करीब शिक्षकों को इसका लाभ मिलना है। पहली सूची में 413 अध्यापकों के नाम हैं। इसी महीने से इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर नाम आने के बाद उनके रिकार्ड देखे गए, उसके बाद ही सूची पूरी की गई है। कुछ अपात्रों के नाम भी सामने आने की बात कही जा रही है, उनके नाम हटाए जाएंगे। दूसरी ओर प्राथमिक स्कूलों के प्रधानाध्यापक व यूपीएस के सहायक अध्यापकों की सूची में उमर्दा, हसेरन व नगर क्षेत्र कन्नौज क्षेत्र का इंतजार हो रहा है। इसी तरह प्राथमिक स्तर पर सहायक अध्यापकों की उमर्दा व नगर क्षेत्र कन्नौज की लिस्ट भी जल्द जारी होने की बात कही जा रही है। चयन वेतनमान में 5400 पे ग्रेड तक के शिक्षक- शिक्षिकाएं इसमें शामिल हैं।

- बीएसए ने वित्त एवं लेखा विभाग में भेजी पहली सूची

# भोजपुर विधायक ने विधानसभा में की मेडिकल कॉलेज की मांग

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। भोजपुर क्षेत्र से विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने जनपद से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। विधायक ने किसानों, श्रद्धालुओं, आम नागरिकों और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को मजबूती से सदन में रखते हुए उनके समाधान की मांग की।

सबसे पहले विधायक ने जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जनपद की बड़ी आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मेडिकल कॉलेज की अत्यंत आवश्यकता है। मेडिकल कॉलेज बनने से न केवल स्थानीय लोगों को इलाज की सुविधा मिलेगी बल्कि युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के अवसर भी प्राप्त होंगे।

विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने सदन में कहा कि फर्रुखाबाद देशभर में आलू उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन विगत दो वर्षों से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों को कोल्ड स्टोरेज के भाड़े और ट्रांसपोर्टेशन में अनुदान देने की व्यवस्था की जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो। विधायक ने कस्बा कमालगंज में अक्सर लगने वाले भीषण जाम की समस्या को भी गंभीरता से उठाया।। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कमालगंज बाईपास निर्माण की मांग की गई।

महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री क्षेत्र से गुजरते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए विधायक ने सिंघिरामपुर से काली उधनपुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण की मांग की, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके। विधायक ने दुर्गूपुर क्षेत्र में काली नदी के ऊपर पुल निर्माण की आवश्यकता भी सदन में रखी। उन्होंने कहा कि पुल के अभाव में ग्रामीणों को लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। पुल बनने से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।


विधानसभा में बोलते भोजपुर विधायक।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**फर्रुखाबाद।** एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। घायल युवक को डॉ. राममनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसका रिश्तेदार इस दुर्घटना में बाल-बाल बच गया।

यह घटना बढ़पुर विकास खंड क्षेत्र में हुई। हरदोई जनपद के पाली थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी रामवीर पुत्र रामदास को कादरीगेट के मोहल्ला आवास विकास स्थित जिला अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने बताया कि रामवीर के पैर में फ्रैक्चर है और उसका इलाज शुरू कर दिया गया है। घायल रामवीर ने बुधवार को बताया कि वह अपने रिश्तेदार संदीप के साथ गुडैरा से राजपुर जा रहा था। वे सड़क के किनारे बाइक चला रहे थे, तभी एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में रामवीर घायल हो गया, जबकि संदीप सुरक्षित रहा।

# धूमधाम से मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर जनपद में श्रद्धा और उत्साह के साथ माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सरदार पटेल एकता मंच के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। उपस्थित लोगों ने जय शिवाजी और भारत माता की जय के जोरदार नारों के साथ वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि सुशासन, स्वाभिमान और धर्मनिरपेक्ष न्याय व्यवस्था के प्रतीक थे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिवाजी के साहस, संगठन क्षमता और राष्ट्रप्रेम को अपने जीवन में अपनाएं।

संयोजक सुमित कटियार ने कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और समाज में एकता स्थापित करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को इतिहास के महान नायकों से सीख लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम में गौरव कटियार, रोहित कटियार, शशांक कटियार, रचित कटियार, अंकित कटियार, सनी शुक्ला, विनीत मिश्रा, विनीत राजपूत, गुरजीत कटियार, शिवम चौहान, विकास त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और सौहार्द का विशेष ध्यान रखा गया।


छत्रपति शिवाजी जयंती पर बाइक रैली निकालते युवक। अमृत विचार

**आयोजन** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय की फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

# फाइनल में सुपर इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स को दी शिकस्त

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय की फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'अग्नि रेखा' का गुरुवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ अनार सिंह व चेयरपर्सन डॉ अनीता यादव ने क्रिकेट चैंपियन सुपर इंडियंस की टीम को चमचमाती ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

कृष्णा वाटिका के खेल मैदान में आयोजित समापन समारोह में रॉयल चैलेंजर्स टीम को हराकर फाइनल मुकाबला जीतने वाली सुपर इंडियंस की टीम पुरस्कार में ट्राफी प्रदान की गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सुपर इंडियंस टीम के खिलाड़ी मोहम्मद आफताब आलम (56 रन 2 विकेट) को मिला। इसके अलावा वॉलीबॉल के फाइनल मुकाबले में स्पाइक टाइटंस को हराने वाली कोर्ट किंग की टीम ने खिताब जीता। कोर्ट किंग ने तीन राउण्ड के मुकाबले में दो जीतकर ट्राफी पर अपना कब्जा किया। छात्राओं के क्रिकेट के फाइनल में हाइड्रा टीम ने विजय हासिल की। लूडो में मुक्तिधीर तथा शतरंज में अभिषेक पहले स्थान पर रहे। छात्राओं की खो खो व रस्सा खींच प्रतियोगिता में हाइड्रा की टीम को हराकर थंडर क्वीन विजेता बनी। जबकि छात्रों की रस्सा खींच प्रतियोगिता में सुपर इंडियंस को हराकर रॉयल चैलेंजर्स की टीम विजेता रही। छात्रों की 100 मीटर रेस में मो. आफताब आलम प्रथम, विशेष मिश्रा द्वितीय तथा आशीष तीसरे स्थान पर रहे, जबकि छात्राओं की दौड़ में प्रकृति वर्मा प्रथम, प्रिया द्वितीय तथा रंजना तीसरे स्थान पर रहीं। आर्म रेसलिंग में सचिन यादव को हराकर बॉबी विजेता चुने गए। बैडमिंटन के मुकाबले में अलशिफा को 15-12 से हराकर प्रकृति वर्मा विजेता चुनी गईं। जबकि छात्रों के बैडमिंटन में दो राउंड जीतकर विशेष कौशल और प्रिंस की टीम विजेता रहीं। सनी देव मिश्रा व दीपक एक राउंड ही जीत सके। कुलाधिपति डॉ अनार सिंह व चेयरपर्सन डॉ अनीता यादव ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया, और हारने वाले खिलाडियों से और अधिक प्रयास कर अगली प्रतिस्पर्धा में विजेता बनने के लिए प्रोत्साहित किया। समापन कार्यक्रम में पूर्व कुलपति एवं सलाहकार डॉ रंगनाथ मिश्र, कुलपति डॉ अनिल कुमार चैहान, फैकल्टी के डीन डॉ निखिल श्रीवास्तव, श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव, अंकित सैमसन लाल, पुनीत राजपूत, विशाल सिंह, सोनू तथा दीपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



सुपर इंडियन क्रिकेट टीम को सम्मानित करते कुलाधिपति डॉ अनार सिंह व अन्य।

# युवा उद्यमी ने डिजिटल एजेंसी का किया शुभारंभ

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** आज के डिजिटल दौर में जहां बड़ी कंपनियां भारी निवेश के सहारे आगे बढ़ रही हैं, वहीं फर्रुखाबाद के युवा उद्यमी उज्जवल सक्सेना ने सीमित संसाधनों में ब्रांड वाइज इनोवेशन नाम की एक डिजिटल एजेंसी की शुरुआत कर यह साबित कर दिया है कि सफलता के लिए पूंजी से अधिक सही सोच, स्पष्ट विजन और मजबूत रणनीति आवश्यक होती है।

ब्रांड वाइज इनोवेशन के फाउंडर राजीव सक्सेना के मार्गदर्शन में सीईओ उज्जवल सक्सेना इस एजेंसी का संचालन कर रहे हैं। यह डिजिटल एजेंसी छोटे और मध्यम व्यवसायों को वेबसाइड डेवलपमेंट ब्रांडिंग, ग्राफिक डिसीजन, सोशल मीडिया मार्केटिंग और कॉन्टेक्ट राइटिंग जैसी प्रोफेशनल डिजिटल सेवाएं प्रदान कर रही है, जिससे स्थानीय व्यवसाय भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी मजबूत पहचान बना सकें। सीईओ उज्ज्वल सक्सेना का मानना है कि आज के समय में केवल अच्छा प्रोडक्ट होना ही पर्याप्त नहीं है वे कहते हैं आज सिर्फ ऑनलाइन होना काफी नहीं है, बल्कि सही ब्रांडिंग और डिजिटल स्ट्रेटजी के साथ ऑनलाइन मौजूदगी बनाना जरूरी है। बिना स्पष्ट रणनीति के अच्छे प्रोडक्ट भी सही ग्राहकों तक नहीं पहुंच पाते। हमारा उद्देश्य छोटे व्यवसायों को भी बड़े ब्रांड्स जैसी डिजिटल पहचान दिलाना है।

# सड़क हादसों में तीन युवकों ने गंवाई जान

## ट्रैक्टर, कार और पिकअप ने अलग-अलग जगहों पर तीन बाइक सवारों को मारी टक्कर, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** फ्रेंड्स कालानी व बसरेहर थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई। युवकों की मौत की जानकारी मिलने पर परिवारों में कोहराम मच गया।

**पहली घटना** बसरेहर थाना क्षेत्र के चम्पानेर तिराहा पर शिवा ढाबा के पास हुई। यहां पर बुधवार की रात ट्रैक्टर और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें बाइक सवार सब्जी मंडी अध्यक्ष के छोटे भाई की मौत हो गई। मृतक की पहचान फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के तुलसी अड्डा निवासी अभिलाख सिंह (38) के रूप में हुई है। वह बुधवार रात बसरेहर क्षेत्र में एक निमंत्रण से वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। सूचना मिलते ही बसरेहर थाना पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल अभिलाख सिंह को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष सौरभ सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ट्रैक्टर और चालक की तलाश में जुटी है। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


पोस्टमार्टम हाउस पर लगी लोगों की भीड़।

**दूसरी घटना** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के उदयपुरा गांव के पास हुई। जहां तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। बुधवार की रात साहिल यादव 20 वर्ष निवासी लाल पुरा दिल्ली में पढ़ाई करता था। वह पारिवारिक चाचा की शादी में शामिल होने के लिए घर आया था। शुक्रवार को बारात जानी थी। वह हलवाई को छोड़ने के लिए इटावा आया था। वापस लौटते समय उदयपुरा गांव के पास तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। मृतक के चाचा अजय ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि उसकी मौके पर ही जान चली गई। पुलिस फरार कार चालक की तलाश में जुटी हुई है।

**तीसरी घटना** फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम दतावली के पास फौजी ढाबा के पास हुई जहां इंटर की परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहे छात्र को पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में छात्र की मौत हो गई। शहर की एकता कालोनी निवासी सूर्य प्रताप उर्फ निखिल (18) सुमन विद्यापीठ इंटर कॉलेज में 12वीं कक्षा का छात्र था। बुधवार को वह यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा देने लाला राम इंटर कॉलेज, चम्पानेर स्थित परीक्षा केंद्र पर गया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद देर शाम बाइक से वापस लौट रहा था। बताया गया है कि इटावा-फर्रुखाबाद मार्ग पर फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत दतावली नहर के आगे फौजी ढाबा के पास इटावा की तरफ से बसरेहर की तरफ जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने ऑटो को ओवरटेक करते हुए सामने से छात्र की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सूर्य प्रताप पिकअप की बोनट पर टकराकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर, कंधे और चेहरे पर गंभीर चोट आई उसे उपचार के लिए पीजीआई ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह करीब 5 बजे उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के पिता सुरजीत सिंह निजी बस पर नौकरी करते हैं। बेटे की मौत की खबर से मां अर्चना देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। दो भाइयों में सूर्य प्रताप बड़ा था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष अमित मिश्रा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल छात्र की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसे टक्कर मारने वाली पिकअप की तलाश की जा रही है।

# ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन का इंसुलेटर टूटने से ट्रेनें हुईं प्रभावित

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** इटावा रेलवे स्टेशन के यार्ड में ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन का इंसुलेटर टूटने से करीब पचास मिनट तक डाउन रेलवे ट्रैक प्रभावित रहा। तकनीकी खराबी के चलते वंदे भारत, तेजस, शताब्दी समेत कई प्रमुख ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोकना पड़ा। मरम्मत के बाद रेलवे का संचालन बहाल होने पर यात्रियों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के मुताबिक इटावा रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर मैनपुरी और रामनगर रेलवे क्रॉसिंग के बीच पोल संख्या 1157/23 पर ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन को सप्लाई देने वाला इंसुलेटर अचानक टूट गया। ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन बार-बार ट्रिप करने लगी जिससे डाउन ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही बाधित हो गई। सूचना मिलते ही एसएसई ओएचई यतेंद्र राजपूत, स्टेशन अधीक्षक पीएम मीना, आरपीएफ इंस्पेक्टर दिनेश कुमार और टावर वैगन टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू किया।

तकनीकी खराबी के कारण वंदे भारत, तेजस, शताब्दी और कई अन्य प्रमुख ट्रेनें अलग अलग स्टेशनों पर रोकनी पड़ीं। रेलवे की टीम ने मौके पर पहुंचकर फॉल्ट को ठीक किया जिसके बाद ट्रेनों का संचालन दोबारा शुरू हो सका और यात्रियों ने राहत की सांस ली। डाउन लाइन की ओएचई में आई खराबी के कारण यातायात प्रभावित रहा, जबकि अपलाइन पर ट्रेनों का संचालन जारी रहा। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि तकनीकी फॉल्ट के कारण डाउन ट्रैक लगभग 50 मिनट तक प्रभावित रहा। उसके बाद ट्रेनों का संचालन फिर से चालू हो सका।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## न्यूज ब्रीफ

### सांड़ के हमले में फल दुकानदार घायल

**भरथना।** कस्बा के मोहल्ला सती मंदिर स्थित मंडी तिराहा पर फल की ठेली लगाने वाले दुकानदार पर सांड़ ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गिरधारीपुरा निवासी 55 वर्षीय प्रेमबाबू मंडी तिराहा पर फल की ठेली लगाते हैं। वह कहीं जा रहे थे तभी अचानक पीछे से आए सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। सांड़ के हमले से वह जमीन पर गिर पड़े और कमर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। जहां हालत गंभीर होने पर कानपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां पर उनका इलाज जारी है।

### फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**इटावा।** थाना कोतवाली क्षेत्र के नौरंगाबाद मोहल्ले में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उक्त मोहल्ला निवासी मोहम्मद नदीम 30 वर्ष पुत्र वसीम ने किसी बात से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजनों ने जब देखा तो हड़कम्प मच गया। नदीम के चचेरे भाई अरमान ने उसे तत्काल जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार किया।

### शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की गई

**इटावा।** पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी ने एक व्यक्ति के शस्त्र लाइसेन्स के निरस्तीकरण की कार्यवाही की। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा जिला मजिस्ट्रेट शुभ्रांत कुमार शुक्ल को आख्या प्रेषित की गयी। लोक शान्ति की सुरक्षा एवं लोक क्षेम के दृष्टिकोण से जिला मजिस्ट्रेट द्वारा महेश सिंह वर्मा पुत्र गंगा प्रसाद वर्मा निवासी पुरविया टोला कोतवाली इटावा के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त करने की कार्यवाही की गयी। साथ ही कहा गया कि जल्द से जल्द कार्यवाही अमल में लाई जाये।

### वैन लूट के प्रयास में दो लोगों को सात साल का कारावास

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश एंटी डकैती आलोक कुमार श्रीवास्तव ने तेरह साल पुराने वैन को लूटने का प्रयास करने विरोध करने पर जान से मारने की नियत से फायर करने के मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर दो आरोपियों को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उन्हें सात सात साल की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक गौरव दीक्षित ने बताया कि अंशुल यादव ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि वह 18 अगस्त 2012 को वह ओम प्रकाश कठेरिया की वैन लेकर करहल गया था। तभी तीन लोग आए और उन्होंने नगला मुकुंद से गर्भवती महिला को पीजीआई लाने के लिए चार सौ रुपया में सौदा किया। जब वह कार लेकर गया तो रास्ते में उक्त लोगो ने उसके साथ मारपीट की और बंधक बनाकर कार में डाल लिया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग दौडे तो कार सवार बदमाशों ने फायरिंग की जिसमें लोग बाल बाल बच गए। बाद में लोगों ने बदमाशों को पकड कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम पुष्पेंद्र यादव, दिनेश यादव व सतेंद्र बताया उनके पास से तमंचा कारतूस भी बरामद हुए। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों को जेल भेज दिया। सुनवाई के दौरान रिंकू कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ तो उसकी पत्रावली प्रथक कर दी गई। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एंटी डकैती कोर्ट में हुई। विशेष लोक अभियोजक गौरव दीक्षित के द्वारा पेश किए साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने दिनेश व सतेंद्र को दोषी पाया और उन्हें सात सात साल की सजा सुनाई।

### डीएम ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**इटावा।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत नो मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी एरर के मतदाताओं को नोटिस जारी करना एवं उनकी सुनवाई करने के कार्य को लेकर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने जसवंतनगर प्राथमिक विद्यालय बलैयापुर इटावा के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने एईआरओ को निर्देश दिये कि समय से सुनवाई की जाए साथ ही उन्होंने जनता से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में कैंपों में उपस्थित रहकर अपना नाम दर्ज कराएं। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम कटने न पाये। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी जसवंतनगर कुमार सत्यम जीत सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनएसएस में विद्यार्थियों का होता है सर्वांगीण विकास

संवाददता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार ।** चौ. सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम कोकावली स्थित प्राथमिक विद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मैनेजिंग डायरेक्टर/सचिव अनुज मोंटी यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर छात्रों में सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करते हैं। ग्राम प्रधान नीलम ने ग्राम पंचायत की ओर से शिविर के सफल संचालन हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। डायरेक्टर डॉ. संदीप पांडेय एवं प्राचार्य डॉ. जितेंद्र यादव ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श वाक्य "मैं नहीं, तुम" की भावना के साथ समाज सेवा कार्य करने की प्रेरणा दी।


एनएसएस के शिविर में भाग लेते छात्र व छात्राएं। अमृत विचार

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण विकास राजपूत, जतिन कुमार, आशुतोष उपाध्याय, मोहम्मद मोहसिन, बृजेश पोरवाल, हिमांशी यादव, भावना सिंह एवं नीतू सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि 19 से 25 फरवरी तक आयोजित इस विशेष शिविर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, नशा मुक्ति जागरूकता, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिविर के प्रथम दिवस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**बसरेहर ।** थाना क्षेत्र के गांव लालपुरा में गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब 25 वर्षीय विवाहिता जूली पत्नी पंकज का शव घर के भीतर साड़ी के फंदे से लटका मिला।

जूली की पांच वर्षीय बेटी आरजू है। गुरुवार करीब 12 बजे उसके पति पंकज, जो एक निजी स्कूल में कार्यरत बताए जा रहे हैं, दोपहर का भोजन करने घर पहुंचे। जैसे ही वह घर के अंदर गए, उन्होंने चौखट पर साड़ी के फंदे से पत्नी का शव लटका देखा। पति ने तत्काल फोन कर मृतका के मायके पक्ष को सूचना दी। सूचना मिलते ही मायके के लोग गांव पहुंचे और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। उनका कहना है कि जूली की हत्या कर शव को फंदे से लटकाया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# रमजान में जरूरतमंदों को जकात व खैरात दें

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** रमजान के संबंध में मजलिस बराये उमूरे शरई के अध्यक्ष मौलाना तारिक शम्सी ने 11 सूत्रीय एडवाइजरी जारी करते हुये कहा रमजान का पवित्र महीना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि रोजा रखना हर मुसलमान बालिग मर्द, औरत पर पूरे महीने फर्ज है इसलिए सभी रोजा रखें।

रमजान माह में इस वर्ष हमारे हिन्दू भाइयों का त्योहार होली है इसमें हमारे नौजवान एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखें गली मोहल्ले, बाजारों में घूमने के बजाए मस्जिद या घर में रह कर इबादत करें। रमजान में जरूरतमंदों, गरीबों, मोहताजों को तलाश करके जकात, सदकात, खैरात देकर उनकी गरीबी को दूर करने में मदद करें।

रमजान में अपनी अपनी मस्जिदों के माइक की आवाज को धीमा रखें, बिना वजह शोर शराबा न करें और सेहरी के वक्त माइक पर सिर्फ वक्त बताने का काम करें जिससे बूढ़ों, बच्चों, बीमारों को तकलीफ न हो, रमजान में किसी रोजेदार को अफ्तार कराना बड़ा सवाब का काम है, चाहे एक खजूर या पानी से ही हो। रमजान के आखरी अशरे की किन्हीं 5 रातों 21, 23, 25, 27, 29 में से किसी एक में शबेकद्र हो सकती है। उस में खास तौर पर मस्जिद या घर में रह कर इबादत करें। इस पर एक हजार महीनों की इबादत के बराबर सवाब मिलता है। सड़कों पर रास्तों मे रास्ता रोकर नमाज अदा न करें। गुनाहों से बचें। रमजान का अहतिराम करें। अगर किसी वजह से रोजा नहीं रखा है तो सड़क और बाजारों में खाने-पीने से बचें।

## गर्म पानी में गिरने से युवक घायल

**इटावा।** थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत पचावली रोड पर एक मैरेज होम में हलवाई का काम करते समय गर्म पानी मे गिरकर एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहां पर मौजूद लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार राहुल 28 वर्ष पुत्र राम सिंह निवासी पैठपुरा थाना शेरगढ़ फीरोजाबाद थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत पचावली रोड स्थित ग्रीन वैली मैरिज होम में हलवाई का काम कर रहा था। वहां पर वह मटर उबाल रहा था तभी पैर फिसलने से वह गर्म खौलते पानी मे गिरने में गिर गया। इससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया लेकिन स्थिति गम्भीर होने पर उसे पीजीआई सैफई रिफर कर दिया गया, जहां पर उसका इलाज जारी है।

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुईं सान्वी

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल की कक्षा 6 की मेधावी छात्रा सान्वी पोरवाल ने लखनऊ में आयोजित "विद्यार्थी विज्ञान मंथन" प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय शिविर में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ ही इटावा जनपद का नाम रोशन किया है।

सान्वी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि के परिणामस्वरूप उनका चयन राष्ट्रीय शिविर के लिए हुआ है, जो प्रतिष्ठित संस्थान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गांधीनगर में होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आनंद मोहन ने सान्वी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता उसकी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय की समन्वयक शिक्षिका प्रिया पाठक ने बताया कि सान्वी प्रारंभ से ही जिज्ञासु प्रवृत्ति की छात्रा रही हैं और विज्ञान विषय में विशेष रुचि रखती हैं। सान्वी की इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि छोटे शहरों के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकते हैं। सान्वी की इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर विवेक यादव ने भी छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की! वहीं विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं नगरवासियों ने भी सान्वी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी।


मेधावी छात्रा सान्वी पोरवाल को सम्मानित करते डॉ. आनन्द। अमृत विचार

# कांग्रेसियों ने धरना देकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय एवं उनके कार्यकर्ताओं के ऊपर पुलिस द्वारा किए गए लाठी चार्ज के विरोध में गुरुवार को ज़िला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में नुमाइश परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे बैठकर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विगत 17 फरवरी 2026 को 'मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में विधान सभा घेराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा जैसे जन कल्याणकारी कार्यक्रम को खत्म कर दिये जाने की योजना सरकार की दमनकारी नीति की सोच है। इसके विरोध में पूरे प्रदेश के कांग्रेसजनों द्वारा प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचकर शांतिपूर्ण विरोध मार्च निकाला गया, परंतु भाजपा सरकार द्वारा शांतिपूर्ण विरोध मार्च में लाठी चार्ज करके इसे रोकने की कोशिश की जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय सहित कई कार्यकर्ता व नेता घायल हुए। सरकार के इस दमनकारी कृत्य के विरोध आज दिनांक 19 फरवरी 2026 को सभी जिलों में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष शांतिपूर्ण बैठकर विरोध कराया गया। इसी क्रम में आज समस्त कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के नीचे बैठकर अपना विरोध प्रकट किया और भाजपा सरकार को चेताया कि अगर उसका यह तानाशाही रवैया नहीं बदला तो कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर जन आंदोलन करेगी।


गांधी प्रतिमा के सामने बैठकर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी। अमृत विचार

विरोध दर्ज़ करने वालों में शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, पीसीसी मेंबर प्रशांत तिवारी, कोमल सिंह कुशवाहा, पीसीसी मेंबर कुसुम लता उपाध्याय, ज़िला प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, जिला प्रवक्ता प्रेरणा ज़ुबैरी, मनरेगा कोऑर्डिनेटर सचिन शंखवार, एनएसयूआई अध्यक्ष आसिफ जादरान, रणवीर सिंह यादव, प्रदीप द्विवेदी, सोहेल वारसी, अमन तिवारी, भगवती प्रसाद चौरसिया, धर्मेंद्र कुमार एवं विपिन कुमार पाल सहित तमाम कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# संतोष भुवनेश किसान सेवा केंद्र पर सीएनजी सेवा प्रारंभ

संवाददताता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार ।** कचौरा मार्ग स्थित संतोष भुवनेश किसान सेवा केंद्र पर ग्राहकों पर अब 24 घंटे सीएनजी मिलेगी। सीएनजी स्टेशन के संरक्षक पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ ब्रजेश चंद्र यादव व स्टेशन मालिक डॉ भुवनेश चंद्र यादव और टोरेंट कंपनी के अधिकारियों ने फीता काटकर सीएनजी सेवा का शुभारंभ किया।

सीएनजी स्टेशन निदेशक डॉ भुवनेश चंद्र ने बताया कि मेरे यहां 24 घंटे सीएनजी की मांग के चलते ग्राहकों की सुविधा को देखते हुए टोरेंट कंपनी के सहयोग से ऑनलाइन सीएनजी सेवा का शुभारंभ किया गया है। सीधे दिबियापुर प्लांट से पाइपलाइन द्वारा यहां स्थापित बूस्टर टैंक में सप्लाई आएगी प्रेशर कंट्रोल करके मशीन को सप्लाई देकर ग्राहकों को सीएनजी हर समय मांग के अनुसार उपलब्ध कराई जाएगी। रजिस्टर्ड नये सीएनजी वाहनों को टोरेंट कंपनी द्वारा विशेष छूट प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख अनुज मोंटी यादव, जितेंद्र यादव, टोरेंट कंपनी के अधिकारी राम मनोहर, नवनीत तिवारी, रितेश मिश्रा, रवी मोहन, अतुल यादव, ऋषभ शर्मा, देवेंद्र, अतुल सिंह रहे।


फीता काटकर शुभारंभ करते डॉ ब्रजेश चंद्र यादव, डॉ भुवनेश यादव व टोरेंट कंपनी के अधिकारी। अमृत विचार

सनातन | अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने कराया आयोजन

# नौ बटुकों का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार ।** गुरुवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के द्वारा यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। इसमें 9 बटुकों को संस्कारों की दीक्षा दी गई।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा प्रतिवर्ष सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें ब्राह्मण बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार कर उन्हें ब्रम्हचर्य आदि संस्कारों की दीक्षा दी जाती है। इसी परम्परा के चलते गुरुवार को लक्ष्मीनारायण मन्दिर बड़ा स्थान शेखपुरा बुल्दा में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें आचार्य द्वारा मन्त्रोच्चार के साथ यज्ञोपवीत की दीक्षा देकर उन्हें इसकी विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि अभी तक वह ब्राह्मण बालक थे लेकिन अब ब्राह्मण हो गये हैं। इस मौके पर सभी 9 बटुकों के परिजनों के अलावा सपा नेता प्रदीप दीक्षित, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष राजू पाठक, ब्रजगोपाल द्विवेदी, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, आर एन शुक्ल, बिनोद पाठक, अमित पाण्डेय उसरगांव, नगर अध्यक्ष सज्जन त्रिपाठी, राम लखन द्विवेदी, राजेन्द्र द्विवेदी, हरिश्चन्द्र दीक्षित सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


बटुकों का होता यज्ञोपवीत। अमृत विचार

# ट्रेलर ने रोडवेज बस में मारी टक्कर, तीन घायल

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार ।** बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर उझियानी के पास इटावा की ओर से सवारियां लेकर जा रही रोडवेज बस में तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस अनियंत्रित होकर करीब 30 फीट गहरी खाई में पलट गई। एक सवारी गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि एक दंपती को भी चोटें आई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय बस उझियानी गांव के पास सवारियां उतार रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रेलर के चालक ने संतुलन खो दिया और बस में टक्कर मार दी। बस खाई में गिरते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में एक दंपती गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों में लल्लन बाबू की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विपिन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य चलाया। खाई में गिरी बस के शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया। इसके बाद दूसरी बस की व्यवस्था कर यात्रियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। हादसे के कारण कुछ देर के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

## परीक्षा केंद्रों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**कालपी-जालौन।** यूपी बोर्ड परीक्षा पर प्रशासन ने अपना सख्त रुख अपना रखा। प्रशासन का साफ कहना है कि परीक्षाएं पूरी तरह से नकल विहीन ही होंगी। इसी के चलते गुरुवार को एसडीएम ने कई परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा है। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षाओं को नकलविहीन और सुचितपूर्ण तरीके से कराने को प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। इसके चलते परीक्षा केन्द्रों पर आन्तरिक सचल दल के साथ क्षेत्र वार स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी बनाए गए हैं जो केन्द्रों पर पहुंच कर आकस्मिक निरीक्षण करते हैं। इसी के चलते उन्होंने गुरुवार को नगरपालिका बालिका इण्टर कालेज का निरीक्षण कर वहां चल रही परीक्षाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने कक्षाओं का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से कहा कि नकल से छात्र छात्राओं का भविष्य खराब होता है। उन्होंने परीक्षा सामग्री कक्ष को भी देखा और मौजूद सुरक्षाकर्मियों को परीक्षा सामग्री पर नजर बनाए रखने को कहा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सौनसी वि0ख0 किशनी जनपद मैनपुरी**

पत्रांक –मनरेगा, योजनांतर्गत | अल्पकालीन निविदा सूचना | दिनांक– 19.02.2026

मनरेगा वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सौनसी विकासखंड किशनी जनपद मैनपुरी आवमुक्त अनुदान के लिए निम्न कार्य कराए जाने हेतु आमंत्रित की जाती है सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदारों आपूर्तिकर्ताओं द्वारा मोहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 20/02/2026 को समय प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं निविदादाता कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते है तथा दिनांक 24/02/2026 को 12 बजे तक निविदा मूल्य दे कर प्राप्त की जा सकेगी तथा उसी दिन शाम 02:00 बजे से 4:00 बजे तक निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय दिवस में निविदा खोली जाएगी निविदादाताओं के साथ जमानत राशि के रूप में एफडीआर/नगद के रूप में ग्राम पंचायत सचिव के पद नाम बंधक होना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का नाम | सामग्री की अनु. लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पप्पू के दरवाजे से गुड्डू के प्लाट तक सीसी निर्माण कार्य | 9,99,570.00 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 2 माह |
| 2 | पुलिया से राहुल के मकान तक सीसी निर्माण कार्य | 7,30,371.00 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 2 माह |

पूनम देवी – ग्राम प्रधान | पंकज यादव – पंचायत सचिव

## न्यूज ब्रीफ

### उधारी मांगने पर दी धमकी

**राठ।** कोतवाली के कैथा गांव में एक युवक ने दूसरे युवक पर 32 हजार रुपये उधार लेकर न लौटाने का आरोप लगाया है। कैथी निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि राठ कस्बे के छोटी जुल्हैटी मोहल्ले में रहने वाले युवक ने उससे भैंस खरीदने के लिए 32 हजार रुपये उधार लिए थे। जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो टालमटोल करता रहा। बताया पांच महीने बीत जाने के बावजूद आरोपी ने उसे रुपये नहीं लौटाए हैं।

### वाहनों की भिड़ंत में तीन घायल

**कुरारा।** झलोखर गांव के समीप दो वाहनों में ओवर टेक करते समय भिड़ंत होने से तीन लोग घायल हो गए। जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां से दो को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। झलोखर गांव के पास सवारी लेकर कस्बा की तरफ आ रहे मारुति कार व थ्री व्हीलर में ओवर टेक करते समय भिड़ंत हो गई। जिसमें शांति पत्नी रामशंकर पड़ुई, विनोद पुत्र रामदास निवासी पारा व हरिशंकर पुत्र मैयादीन है। जिनको उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद शांति व विनोद को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### गांजा के साथ आरोपी हुआ गिरफ्तार

**कुरारा।** कस्बे के बेरी तिराहे के पास मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 400 ग्राम सूखे गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बेरी तिराहे में एक संदिग्ध व्यक्ति द्वारा खड़े होने की सूचना मुखबिर ने थाना पुलिस को थी। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा जिसके पास से 400 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम छुट्टन पुत्र घसीटा वार्ड नंबर दो मटेहना मोहाल कस्बा कुरारा बताया।

### रामलीला मैदान चौराहे का होगा चौड़ीकरण

**राठ।** लोक निर्माण विभाग ने कस्बे के पनवाड़ी बिलरायां मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर काम तेज कर दिया। अभी आंबेडकर चौराहे के चौड़ीकरण को लेकर सड़क किनारे अवैध कब्जा करने पर तोड़फोड़ की गई थी। गुरुवार को अधिशासी अभियंता दृगपाल वर्मा की मौजूदगी में रामलीला मैदान तिराहे पर चौड़ीकरण को लेकर नापजोख हुई। अधिकारियों ने बताया कि बजरिया, रामलीला मैदान और शक्ति मंदिर पर चौराहे बनाए जायेंगे। बताया कि चौराहों के चौड़ीकरण को लेकर रामलीला मैदान का चौराहा दोनों ओर 11-11 मीटर चौड़ी सड़क के साथ 3 .60 मीटर का नाला होगा।

### नमामि गंगे परियोजना में काम करा रहे युवक को पीटा

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तिंदुही निवासी अभिषेक सिंह ने बिंवार थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह बीते 18 फरवरी को पाटनपुर में नमामि गंगे परियोजना के तहत काम करा रहा था। तभी अनमोल और एक अज्ञात युवक बाइक से आए और गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि जब लेवर बचाने आई तो सभी के साथ गाली गलौज की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज की।

# नहर की तल्ली में रेंग रहा पानी, कैसे हो सिंचाई

संवाददाता बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मौदहा बांध की नहर का संचालन पूरी क्षमता से नहीं हो रहा है। इधर अचानक तेज धूप से तापमान बढ़ने से गेहूं की फसलों में पानी की सख्त आवश्यकता है। फसलों के मुरझाने से किसान परेशान हैं।

मौदहा बांध से मुख्य नहर से छानी ब्रांच निकली है। जिससे करीब एक दर्जन से अधिक गांवों के किसान फसलों की सिंचाई करते हैं। फरवरी माह में बढ़े तापमान से फसलों को पानी की सख़्त आवश्यकता है। परंतु छानी ब्रांच में नहर का पानी तली पर चल रहा है। किलोमीटर 12.600 तक पानी कम मात्रा में आ रहा है। वहीं छह किमी तक पानी नहीं जा रहा है।

वहीं करीब आधा दर्जन गांवों बिवांर, बांधुर बुजुर्ग, बांधुर खुर्द, छेड़ी बसायक, चंदौली, पारा के किसान पानी के लिए परेशान हैं। किसानों ने नहर विभाग के अधिकारियों से नहर में पानी का संचालन पूरी क्षमता से कराने को कहा है। सहायक अभियंता साकेत चतुर्वेदी ने बताया कि विभाग के अधिकारियों को बोर्ड परीक्षाओं में सेक्टर मजिस्ट्रेट पर तैनाती है। नहर में घास की वजह से पानी का प्रेशर कम हो रहा है। घास सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। नहरों में पानी जल्द ही पूरी क्षमता से संचालन किया जाएगा।




नहर की तल्ली में चल रहा पानी, खेत में कटी पड़ी फसल। अमृत विचार

### बूंदाबांदी से किसानों की चिंता बढ़ी, कटाई ठप

**सुमेरपुर।** गुरुवार को सुबह बूंदाबांदी होने से किसानों की चिंता बढ़ गई हैं। इसके चलते दलहनी एवं तिलहनी फसलों की कटाई थम गई है। वर्तमान में मटर, मसूर, सरसों की कटाई क्षेत्र में चल रही है। गुरुवार को मौसम ने अचानक पलटी मारी और तेज हवाओं के साथ क्षेत्र में बूंदाबांदी शुरू हो गई। किसान उदयभान यादव, मानसिंह भदौरिया, सुरेश कुमार, प्रदीप गुप्ता आदि ने बताया कि सुबह बारिश होने से दलहन तिलहन की कटाई किसानों ने ठप कर दी है। उधर सुबह बूंदाबांदी के बाद आसमान में दिनभर बादलों की आवाजाही रही।

### झांकी में मनमोहक नृत्य



सुमेरपुर के ग्राम बांकी के स्वामी भूमानंद आश्रम में शुरू हो रही श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व गांव में गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बांकी के स्वामी भूमानंद महाराज आश्रम में गांव निवासी गंगाचरन यादव एवं कैलाश बाबू सैनी ने श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया है। गुरुवार को गांव में गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर आश्रम के महंत महामंडलेश्वर स्वामी रामदेव महाराज, स्वामी रामचंद्र गिरी, प्रधान जीवन श्रीवास, पूर्व प्रधान बउवा यादव, संतोष उपाध्याय आदि मौजूद रहे। **अमृत विचार**

# हथियार भंडार, वाहन पार्किंग सीसीटीवी की क्षमता परखी

## डीआईजी ने सदर कोतवाली का किया औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** चित्रकूट धाम मंडल के पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस ने गुरुवार को सदर कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण पुलिस व्यवस्था की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और थाने के कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया।

डीआईजी ने कोतवाली में 72 रजिस्टरों की गहन जांच की। इनमें जनरल डायरी, केस डायरी, हथियार रजिस्टर, जीआरपी रजिस्टर, महिला संबंधित शिकायतें और साइबर क्राइम से जुड़े अभिलेख शामिल थे। उन्होंने थाने की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया।उन्होंने लॉकअप, हथियार भंडार, वाहन पार्किंग और सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता का जायजा लिया। परिसर की साफ-सफाई और रखरखाव पर भी जोर दिया। निर्देश दिए कि परिसर को हमेशा स्वच्छ और व्यवस्थित रखा जाए। अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। उन्होंने महिला सुरक्षा, साइबर अपराध रोकथाम और दंगा नियंत्रण जैसे संवेदनशील मुद्दों पर विशेष ध्यान देने को कहा।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों को अनुशासन, सतर्कता और जनसेवा के प्रति समर्पण बनाए रखने की सलाह दी। यह औचक निरीक्षण पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा की जाने वाली नियमित निगरानी का हिस्सा है। जिससे थानों में पारदर्शिता बढ़ती है और अपराध नियंत्रण में सुधार आता है। श निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा, सीओ सदर राजेश कमल सहित सभी अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



कोतवाली का निरीक्षण करते डीआईजी राजेश एस। अमृत विचार

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** हाईवे पर गुरुवार को एक ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

नारायच गांव निवासी सबूरउद्दीन (18) पुत्र शरीफ उद्दीन और मुश्ताक अली (17) पुत्र मुहम्मद दोपहर हेलमेट लगाकर बाइक से मौदहा कस्बा आ रहे थे। तभी राठ तिराहे के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों की सूचना पर ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह, कांस्टेबल जयप्रकाश और कांस्टेबल वीरेंद्र त्रिवेदी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया। पुलिस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



गांधी पार्क में धरना देते कांग्रेसी। अमृत विचार

# कांग्रेसियों ने लाठी चार्ज के विरोध में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मनरेगा बचाओ आंदोलन को लेकर विधानसभा का घेराव करने गए कांग्रेसियों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन किया।

प्रदेश आह्वान पर यह सत्याग्रह किया। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार ने कहा कि मनरेगा बहाल करने की मांग को लेकर लखनऊ स्थित विस का घेराव के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। इसमें कई कार्यकर्ता घायल हो गए। आरोप लगाया कि यह कार्रवाई भाजपा सरकार के इशारे पर की गई। कहा कि मनरेगा योजना देश को विकास के बड़े स्तर तक ले गई थी, लेकिन भाजपा सरकार ने इसकी गारंटी समाप्त कर दी है और अब यह केवल नाम मात्र की योजना रह गई है। जिला कोऑर्डिनेटर (मनरेगा बचाओ) कौशल द्विवेदी ने कहा कि मनरेगा योजना को खत्म किए जाने के विरोध में शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा घेराव करने जा रहे थे, लेकिन उन पर बर्बर कार्रवाई की गई। उन्होंने अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील को निरस्त करने और मनरेगा योजना को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग की है। इस मौके पर धर्मेंद्र गुप्ता, लक्ष्मी कांत त्रिपाठी, दिनेश सिंह, शत्रुघन त्रिपाठी, उज्ज्वल पाठक, सूर्य किशोर तिवारी आदि रहे।

### गलती होने पर सुधार और प्रायश्चित जरूरी

**मौदहा।** रीवन गांव के दानेश्वर बाबा मन्दिर प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन गुरुवार को कथा व्यास आचार्य परशुराम शुक्ला ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया।

कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेवजी के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। कथा व्यास ने कहा कि द्वापर युग में धर्मराज युधिष्ठिर ने सूर्यदेव की उपासना कर अक्षयपात्र की प्राप्ति की। हमारे पूर्वजों ने सदैव पृथ्वी का पूजन व रक्षण किया। इसके बदले प्रकृति ने मानव का रक्षण किया। भागवत के श्रोता के अंदर जिज्ञासा और श्रद्धा होनी चाहिए। जब श्रद्धा के साथ भागवत कथा सुनी जाए तो उसका फल दोगुणा हो जाता है।



कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते डॉ. भवानीदीन। अमृत विचार

# छत्रपति शिवाजी की जयंती पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

**हमीरपुर।** देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर सुमेरपुर कस्बे में वर्णिता संस्था अध्यक्ष डॉ. भवानीदीन ने एक बेमिसाल हिन्दू शासक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।कहा शिवाजी वास्तव में एक अप्रतिम योद्धा थे, उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है, इनका जन्म 19 फरवरी 1630 को शाहजी भोंसले और जीजाबाई के घर शिवनेरी किले के कुसूर में हुआ था, ये प्रारंभ से ही देशप्रेमी सोच के थे। इन्हें मराठा साम्राज्य का संस्थापक माना जाता है। ये मुगल शासकों से कभी डरे नहीं, सामर्थ्य भर झुके नहीं, औरंगजेब से लोहा लिया, इन्हें छापामार युद्ध का जनक कहा गया। इनका रायगढ़ दुर्ग में बीमारी के कारण तीन अप्रैल 1680 में निधन हो गया। कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, सागर, प्रिन्स, रिचा , विकास, रामनारायन सोनकर, सोहन सविता, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

# तीसरे दिन भी विभाग को नहीं मिला पाइप लाइन का लीकेज

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** दशकों पुरानी क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत के लिए सड़क की खुदाई के बाद भी तीसरे दिन लीकेज नहीं मिला। जिससे शहर के दो मोहल्ले के लोग पेयजल को लेकर परेशान हैं। हालांकि जल संस्थान ने तीसरे दिन जेसीबी से लगभग चार फुट गहरा गड्ढा खुदवाकर लाइन दुरस्त कराने का प्रयास किया है। साथ ही दो टैंकर भेजकर लोगों को पेयजल आपूर्ति दी है।

गर्मी के दस्तक देते ही शहर में पीने के पानी का संकट गहराने लगा है। शहर के अमन शहीद और पठकाना मोहाल के लोग लगभग एक सप्ताह से पेयजल संकट से जूझ रहे है। यहां दशकों पहले पड़ी पाइप लाइन जगह-जगह से ध्वस्त है। स्थानीय लोग पेयजल बाजार से तो नहाने-धोने और अन्य कार्य के लिए हैंडपंप और समबर्सिवल से पानी लेने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद जलसंस्थान ने मरम्मत कार्य शुरू तो करा दिया, लेकिन लीकेज ढूंढने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पाइप लाइन मरम्मत कार्य के तीसरे दिन जलसंस्थान ने जेसीबी की मदद से लगभग चार फुट गहरा गड्ढा खुदवा दिया। इस दौरान कई बार खुदाई के चलते पाइप लाइनें भी टूट गई हैं, लेकिन लीकेज का पता नहीं चला है। गुरुवार को भी दो टेंकर पानी भेजकर जलापूर्ति दी है। वहीं इस बावत जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को फोन कर जानकारी लेनी चाही लेकिन उनसे सम्पर्क नहीं हो सका।



लीके खोजने के लिए जेसीबी से किया गया गड्ढा। अमृत विचार

# सरस्वती बाल मंदिर के चार छात्रों ने जेईई मेंस में मारी बाजी

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज में जेईई मेंस परीक्षा में सफल छात्रों को प्रधानाचार्य एवं प्रबंध कार्यकारिणी द्वारा सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य अखिलेश तिवारी ने बताया कि छात्र जतिन राजपूत ने 91.2, आरव कुशवाहा ने 90, हेमेंद्र 88.9 तथा आरेंस राजपूत ने 91.23 परसेंटाइल अंक पाकर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रबंधक केजी अग्रवाल, अध्यक्ष डा. हरीओम नगाइच, कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह तोमर ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।




छात्रों का मिठाई खिला हौंसला अफजाई करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

**जागरूकता** | गल्हिया गांव में छात्राओं ने निकाली रैली

# स्वच्छ ग्राम स्वस्थ समाज का दिया संदेश

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गल्हिया गांव में लगे ब्रह्मानंद महाविद्यालय के एनएसएस कैंप में छात्र छात्राओं ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली को लेकर जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। डा. जितेन्द्र सिंह ने कहा ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ. कमलेश राम, डॉ. रामसुभग, डॉ. एसजी राजपूत, डॉ. आरबी शर्मा ने स्वच्छता विषय पर अपने विचार रखें। पुरुषोत्तम सिंह ने महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम अधिकारी डा. दुर्गेश कुमार ने सामूहिक प्रयासों से स्वस्थ समाज निर्माण की बात कही। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता ही सेवा विषय पर एक प्रेरक नुक्कड़-नाटक ग्रामीणों के सामने पेश किया। जिसमें स्वच्छ परिवेश, कचरा प्रबंधन एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। इससे पहले स्वयंसेवकों ने गांव में स्वच्छता अभियान चलाकर गांव में कई जगह लोगों को जागरूक भी किया।




ग्रामीण महिलाओं को स्वच्छता की जानकारी देतीं छात्राएं। अमृत विचार



जोड़ों के पीछे खड़े अधिकारी। अमृत विचार

# 128 जोड़ों की हुई शादी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** राजकीय डिग्री कॉलेज कुछेछा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में खंड विकास मौदहा, सुमेरपुर, कुरारा के कुल 151 के सापेक्ष 128 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मौदहा ब्लाक प्रमुख लालाराम निषाद, मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार राघवेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल, बीडीओ सुमेरपुर आशीष कटियार, खंड विकास अधिकारी कुरारा मनोज कुमार गुप्ता ने मौजूद रहकर सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया। संचालन सर्वेश द्विवेदी एवं जलीस खान ने किया।

# कंपोजिट विद्यालय के वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने किया डांडिया नृत्य

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पलरा गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत, देशभक्ति गीत सहित डांडिया प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

गुरुवार को पलरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में वार्षिक उत्सव मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान रामखेलावन श्रीवास ने किया। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्र छात्राओं ने मुझे माफ करना ओम साईं राम,देशभक्ति गीत संदेशे आते है, होली गीत जुलम कर डालो,स्कूल चले हम,बम बम बोले एवं डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका माया देवी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिक्षिका रंजीता,रिचा, प्रीती, हरकिशोर सहित अभिभावक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे। संचालन शिक्षक राघवेंद्र सिंह ने किया।




डांडियां नृत्य पेश करतीं छात्राएं। अमृत विचार

● प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

न्यूज ब्रीफ

## शिविर में 117 बच्चों का किया चेकअप

**बेलाताल।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आशाराम के निर्देशन मे जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अम्बुज गुप्ता व सीएचसी अधीक्षक डॉ. पीके सिह राजपूत की देखरेख मे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कंपोजिट विद्यालय आरी में महाकैंप का आयोजन किया गया। शिविर में आरबीएसके टीम जैतपुर ने 117 बच्चों का स्वास्थ परीक्षण किया, तो वहीं दूसरी टीम के डॉ. प्रेमनारायन शर्मा ने विटामिन ए और डी की कमी से होने वाली बीमारियो के लक्षण और उपायों की जानकारी दी। कंपोजिट विद्यालय आरी में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद कैसर एवं क्षय रोग स्क्रीनिंग कैप भी लगाया गया, जिसमें दंत चिकित्सक डॉ. अभिषेक सिंह ने की बच्चों के मुख की जांच करते हुए कैंसर और संक्रामक बीमारियों की दी। सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र जैतपुर के सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि अब गर्मी का मौसम आने वाला है, जिसे देखते हुए क्षेत्र में इस तरह के कैंप आगे भी लगते रहेगे, जिससे ग्रामीण अंचल में रहने वाले लोगो को अधिक से अधिक लाभ दिलाया जा सके। डॉ. रामकुमार वर्मा ने बच्चों को तम्बाकू सेवन करने के दुष्परिणामों की जानकारी दी। इस मौके पर आरबीएसके टीम में पीएन शर्मा, डॉ. अमित गंगेले एफएचडब्ल्यू संगीता, प्रधानाचार्य सुशील द्विवेदी, रामकुमार, अभिषेक सिंह आदि डाक्टर मौजूद रहे।

## ब्रेकर बनने से लोगों को मिली राहत

**महोबा।** कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में मदीना मस्जिद चौराहे पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के चलते लोक निर्माण विभाग की नींद टूट गई और विभाग ने चौराहे के दोनो तरफ ब्रेकर बनाना शुरू कर दिए हैं। ब्रेकर बनने का काम शुरू हो जाने से क्षेत्र वासियों ने राहत की सांस ली। वहीं अब दुर्घटनाएं कम होने के भी आसार बढ़ गए हैं। गौरतलब है कि पूर्व में इस चौराहे पर दोनो तरफ ब्रेकर बने हुए थे, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महोबा आगमन के समय ब्रेकर हटाने के बाद लोक निर्माण विभाग ब्रेकर बनाना भूल गया था, जिससे पर अमृत विचार अखबार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया, इसके बाद ब्रेकर बनने का कार्य शुरू हो गया है।

## मोबाइल फोन चोरी करने के शक में दो छात्रों को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के पठानपुरा मोहल्ले में मोबाइल फोन चोरी के शक में कुछ लोगों ने दो छात्रों को बंधक बनाकर मारपीट की। पीड़ित छात्रों के अभिभावकों ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली के मवई गांव निवासी अनिल और विनोद कुमार ने बताया कि उन दोनों के पुत्र अंश और शिवम चरखारी रोड पर स्थित एक स्कूल में पढ़ते हैं। सोमवार को गांव का एक युवक स्कूल की छुट्टी होने के बाद अंश और शिवम को बातचीत करने के बहाने हमीरपुर रोड स्थित पठानपुरा मोहल्ले में एक मकान में ले गया। आरोप लगाया कि मोबाइल फोन चोरी करने के शक में गाली गलौज कर बंधक बनाकर मारपीट की। आरोपियों के चंगुल से मुक्त होने के बाद पुत्रों ने घर जाकर जानकारी दी।

## छेड़छाड़ का आरोप

**कुरारा।** थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने छेड़खानी व मारपीट करने की तहरीर दी है। एक गांव निवासी महिला ने बताया कि खेत में काम करते समय एक युवक ने बुरी नीयत से पकड़कर छेड़खानी की। मना करने पर मारपीट की।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# कार्रवाई : बिना प्रपत्रों के चल रहे डंपर को पकड़ा

### एसडीएम के निर्देश पर चल रहा अभियान, वाहन चालकों में खलबली

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा


पकड़े गए वाहन के साथ खड़ी टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उपजिलाधिकारी के निर्देशन पर अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अवैध माइनिंग अभियान के तहत पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर बिना वैध प्रपत्रों के खनिज परिवहन कर रहे एक डंपर को पकड़ा। पकड़े गए वाहन को कोतवाली कुलपहाड़ पुलिस के सुपुर्द खड़ा कराकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। टीम द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान से वाहन स्वामियों और चालकों में हड़कंप मचा है।

गौरतलब है कि वाहन चालकों द्वारा बिना प्रपत्र और रायल्टी के पत्थर ढुलाई किए जाने की शिकायतें मिलने पर उपजिलाधिकारी के निर्देश पर गठित की गई टीम ने अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग की, जिससे अफरा तफरी मच गई। टीम ने बिना प्रपत्रों के अवैध खनन परिवहन करते हुए एक डंपर को पकड़कर कार्रवाई कर दी। कार्रवाई के बाद से अन्य वाहन चालक सहमे हुए हैं। चेकिंग को देखकर तमाम वाहन चालक वाहनों को इधर-उधर से ले गए।

अधिकारियों ने कहा कि अवैध खनन और परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही टीम ने नगर के महोबा रोड पर बालू के अवैध ढुलाई सेंटरों पर भी छापेमारी की गई। मौके पर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सामान जब्त कर सेंटरों को बंद कराया गया, और नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस छापामार अभियान से अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मचा रहा। इस तरह का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर नायब तहसीलदार पंकज गौतम, क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह सहित पुलिस व राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

## विशिष्ट गल्ला मंडी में चालू हो खरीद

**महोबा।** सूपा विशिष्ट गल्ला मंडी में खरीद चालू कराए जाने और वहां पर बैंक शाखाएं और पुलिस चौकी स्थापित कराए जाने को लेकर अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। डीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि महोबा बाईपास गल्ला मंडी में फसल आवक के समय अंदर बाहर मेन रोड पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है साथ ही बच्चों की जान का जोखिम बना रहता है।

बताया कि खरीदार कम और किसानों की संख्या ज्यादा होने के कारण कई दिनों तक किसानों को माल बेचने का इंतजार करना पड़ता है, जिससे परेशान होकर व्यापारियों उद्योपतियों ने कृषि संबन्धी उद्योग इकाइयां विशिष्ट मंडी सूपा के समीप बहुत संख्या में स्थापित कर ली है। अधिवक्ताओं ने बताया कि जिला की गल्ला आढ़तियों, किसान और व्यापारियों के हित में सूपा विशिष्ट गल्ला मंडी का आवंटन कई साल पूर्व हो चुका है, लेकिन वहां राष्ट्रीय बैंक और सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी की आवश्यकता हैं। ज्ञापन देने वालों में गार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष भारत विशाल शुक्ला, अंश सोनी, अनिल कुमार शर्मा, उपेंद्र कुमार सुल्लेरे, राजकिशोर तिवारी, चंदशेखर स्वर्णकार आदि मौजूद रहे।

# रमजान शुरू होते ही बाजार में बढ़ गई चहल-पहल

कार्यालय संवाददाता, महोबा


मस्जिद में इफ्तार करते रोजेदार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रमजान के रोजे शुरू होते ही पहला अशरा शुरू हो गया है। पहला रहमत का अशरा कहलाता है। इस अशरे में अल्लाह बेशुमार नेमतें अता करता है। पवित्र माह शुरू होते ही मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ जुटने लगी है। पहले रोजे से ही पांच वक्त मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भरी दिखाई दी। लोग इफ्तार की तैयारी के लिए दोपहर बाद से जुट गए, जिसके चलते फल, खजूर, जूस की खूब बिक्री हुई।

रमजान माह के पहले रोजे से इफ्तार के लिए सारे कामकाज छोड़कर मस्जिदों में पहुंच गए। मस्जिदों में भी लोगों ने रोजेदारों के लिए तरह-तरह की इफ्तारी भेजी। तमाम लोगों ने रोजेदारों के लिए जूस, फल, खजूर और बिरयानी भी भेजी, जिससे उन्हें ज्यादा से ज्यादा सवाब मिल सके। शाम पांच बजे से ही महिलाओं ने तरह तरह के व्यंजन और पकवान बनाकर रोजेदारों के लिए मस्जिदों में भेजना शुरू कर दिया। रोजेदार भी सारे दिन का रोजा रखने के बाद शाम को इफ्तार के वक्त मस्जिदों में पहुंच गए।

- **छोटे-छोटे बच्चे मां बाप के साथ सहरी करके रख रहे रोजा**

रोजे की बेशुमार फजीलत होने के कारण छोटे-छोटे बच्चों ने भी मां बाप के साथ सुबह चार बजे सहरी करने के बाद रोजा रखा। सारा दिन रोजा रखने के बाद शाम को घर वालों के साथ बच्चों ने भी इफ्तार किया। बच्चों के रोजा रखने से खुश होकर घर के लोग बाजार से बच्चों के लिए उनकी पसंद की खानपान की चीजें लाएं। रोजे शुरू होते ही बाजार में दुकानदारों की बिक्री बढ़ गई। मुस्लिम इलाकों में भी आज कल खासी चहल पहल दिखाई दे रही है।

# विद्यार्थियों को अनुशासन संस्कारों का बताया महत्व

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पीएमश्री उच्चप्राथमिक विद्यालय, नगाराडांग के छात्र छात्राओं ने एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत निपुण भारत मिशन को नवीन आयाम प्रदान करने के लिए शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल का अवलोकन किया। जहां पर विद्यार्थियों को विद्यालय की आधुनिक सुविधाओं से परिचित कराया गया। छात्र छात्राओं ने विज्ञान प्रयोगशालाओं (फिजिक्स लैब, केमिस्ट्री लैब, बायोलॉजी लैब), कंप्यूटर लैब, समृद्ध लाइब्रेरी, म्यूजिक कक्ष, खेल मैदान आदि को देखा।

छात्र-छात्राओं ने इसके बाद तहसील कुलपहाड़ का भ्रमण किया, जहां तहसीलदार एवं सीओ रविकांत गौड़ के निर्देशन में बच्चों को प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी ने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं संस्कारों का महत्व बताया और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। रजिस्ट्रार ने संपत्ति रजिस्ट्री की प्रक्रिया का डेमो देकर बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान दिया।

अंत में विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक जैतपुर कोठी का भ्रमण किया और तालाब व पार्क का सुंदर नजारा देखा। यहां पर बच्चों ने भोजन किया। आरबीपीएस के डायरेक्टर राकेश अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रिंसिपल अमित अग्रवाल, एआरपी छत्रपाल सिंह यादव, एआरपी भूपेंद्र कुमार सैनी, पूर्व एबीआरसी रमेश यादव रहे।

## पुलिस ने दो आरोपियों को गांजा सहित पकड़ा

**महोबा।** एसपी प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में थाना अजनर पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 2 किलो 537 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया।

थानाध्यक्ष अजनर सुभाष चन्द्र ने उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, कांस्टेबल सौरभ सिंह व भरत सिंह की टीम गठित की थी। टीम ने मुखबिर की सूचना पर अजनर बेलाताल रोड से रमेश तिवारी (59) पुत्र स्व. शम्भूदयाल तिवारी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 152 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इसी प्रकार उपनिरीक्षक त्र्शी शुक्ला, कांटेबल जयप्रकाश और नरेन्द्र कुमार ने भी मुखबिर की सूचना पर श्यावन मोड़ से भूपत राजपूत (35) पुत्र स्व. प्रभू दयाल, को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 385 ग्राम सूखा गांजा बरामद हुआ।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)


एनएसएस शिविर में बोलते वक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जय बुंदेलखंड महाविद्यालय की स्वयं सेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के दूसरे दिन विशेष शिविर में बम्हौरी खुर्द गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। साथ ही गोष्ठी का आयोजन करते हुए वक्ताओं ने मतदान कर अपने राष्ट्रीय धर्म निभाने पर विचार व्यक्त किए। उधर श्री किशोर गोस्वामी महाविद्यालय के एनएसएस शिविर में जल संरक्षण गोष्ठी का आयोजन किया गया।

एनएसएस के दूसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि डॉ. कृष्णकांत प्रजापति ने पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वयं सेवकों ने गांव में जागरूकता रैली निकाली। रैली गांव की गलियों और मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। रैली में स्वयंसेवक नारे, प्लेकार्ड और बैनर के माध्यम से युवा मतदाताओं को मतदान करने और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए भी जागरूक करते रहे। रैली के दौरान विपिन कुमार, इखलाक अहमद, विनीता, संगीत, पुष्पा सेन, सचिन, राजेन्द्र, नीरज आदि सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

- **गोष्ठी में जल संरक्षण और मतदान के प्रति किया जागरूक**

इसी प्रकार नगर के श्री किशोर गोस्वामी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन एनएसएस के विद्यार्थियों ने बजरंग कालोनी में रैली निकालकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर गोष्ठी की। प्रथम इकाई के अध्यक्ष दिनेश कुमार एवं द्वितीय इकाई के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जल कितना महत्वपूर्ण है और जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।

## छात्र-छात्राओं के भरे गए फार्म-6

**महोबा।** साईं कालेज आफ एजुकेशन के एनएसएस शिविर के तीसरे दिन मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत सभी स्वयं सेवक व सेविकाओं को गोष्ठी के माध्यम से वक्ताओं ने मतदान की आवश्यकता की जानकारी देकर जागरूक किया। इस मौके पर एनएसएस की छात्र छात्राओं ने रैली निकालकर समाज को मतदान के प्रति प्रेरित किया। शिविर के मौके पर इलेक्टोरल क्लब के सदस्यों ने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र छात्राओं का फार्म-6 भरकर नवीन मतदादाताओं की सूची में शामिल करने का कार्य किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी ने मतदाता को लोकतंत्र की रीढ़ बताया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मैराज खान सहित शिक्षक मौजूद रहे।

# राम कथा से पूर्व भक्तों ने निकाली भव्य कलश यात्रा

संवाददाता बेलाताल महोबा


कलश यात्रा निकालते भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर के आरी गांव में राम जानकी मंदिर में श्रीराम जानकी की प्राण प्रतिष्ठा के अलावा श्रीश्री 1008 श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा हैं। इस धार्मिक कार्यक्रम के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकाली जो गांव की भ्रमण कर काली मंदिर पहुंची और विधि विधान के साथ पूजा अर्चन की गई। कलश यात्रा में भारी संख्या में पुरुष के अलावा महिलाएं शामिल हुई, जिन्होंने अपने सिर पर कलश रखकर अस्था के साथ भ्रमण किया।

आरी गांव के नायक मुहाल स्थित राम जानकी मंदिर में श्रीराम जानकी की प्राण प्रतिष्ठा, श्रीश्री 1008 श्री राम महायज्ञ, अष्टादश पुराण रामकथा और रामदरबार प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर जय श्रीराम के उद्घोष लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं महिलाएं मंगल गीत गाते हुए सिर पर कलश धारण कर चल रही थीं। यात्रा गांव की गलियों और कूचों से होते हुए काली मंदिर तक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा अर्चन किया। धार्मिक आयोजन में आरी, लडपुरा, जटेवरा, देवथा एवं ललौनी सहित आसपास के गांवों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

यज्ञ के संचालक पंडित प्रेमनारायण चौबे ने विधिविधान से कार्यक्रम संपन्न कराया। मुख्य यजमान सरोज एवं महेन्द्र नायक रहे, जबकि कथा वाचन का दायित्व कथावाचिका राधारानी किशोरी भक्तों को रामकथा का रसपान कराएंगी। गांव में इस धार्मिक आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है और समूचा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में रंगा हुआ है। यज्ञाचार्य ने बताया कि कलश यात्रा के बाद पुराण बैठकी की जाएगी और इसके बाद ग्रह आवाहन, अग्नि स्थापन व मंडल प्रवेश होगा। 25 फरवरी को पूर्णाहुति दी जाएगी और 26 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

- **कथा के अंतिम दिन 26 फरवरी को किया जाएगा विशाल भंडारे का आयोजन**

# एमएलसी ने कृषि मंडी स्थापना का उठाया मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, महोबा


सदन में बोलते एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर।

**अमृत विचार।** विधान परिषद बजट सत्र के दौरान सदन में एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने नगर पालिका वार्ड स्तर पर शासन से विकास कार्य के लिए निधि निर्धारण का मुद्दा उठाते हुए नगर पालिका अध्यक्ष की भांति प्रत्येक वार्ड विकास के लिए प्रथक निधि प्रदान कराए जाने की बात कही। इसके अलावा एमएलसी ने जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत पनवाड़ी में कृषि मंडी न होने से वहां के किसानों हो रही समस्याओं से सभापति को अवगत कराते हुए ग्राम पंचायत में कृषि मंडी की स्थापना का मुद्दा उठाया।

एमएलसी ने सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि शासन नगर पालिका अध्यक्ष को निधि प्रदान करता है, जबकि निर्वाचित सभासदों को ऐसी कोई पृथक विकास निधि उपलब्ध नहीं कराई जाती। कहा कि सभासद अपने अपने वार्ड के प्रत्यक्ष जन प्रतिनिधि होते हैं और क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकता है जैसी सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश स्वच्छता व्यवस्था आदि से भली भांति परिचित रहते हैं, लेकिन स्वतंत्र निधि के अभाव में वह अपने वार्डों की आवश्यकतानुसार वहां पर त्वरित और प्रभावी विकास कार्य करने में असमर्थ रहते हैं, इससे वार्ड स्तर पर विकास कार्य प्रभावित होते हैं और जनता में असंतोष की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष की भांति प्रत्येक वार्ड विकास के लिए प्रथक निधि प्रदान की जाए। निधि उपयोग के लिए स्पष्ट दिशा निर्देश के साथ पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और वार्ड वार संतुलित व समता मूलक विकास सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक संशोधन किया जाए। एमएलसी ने लोक महत्व के इस विषय पर सदन में सरकार से वक्तव्य एवं चर्चा कराए जाने की मांग सभापति से मांग की।

- **पालिका अध्यक्ष की भांति सभासद को प्रथक से निधि दी जाए**

विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने किसानों व जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय पर नियम 110 के अंतर्गत सूचना में सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि तहसील कुलपहाड़ में पनवाड़ी जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत होने के अलावा यहां बड़ी आबादी के अतिरिक्त लगभग 100 से अधिक गांव जुड़े हैं, बावजूद इसके पनवाड़ी में कोई कृषि मंडी नहीं है। कृषि मंडी की स्थापना न होने से किसानों की अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाता और मजबूरी वश दूर के बाजार में अपनी फसल विक्रय किए जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे समय व्यर्थ के साथ अतिरिक्त भाड़ा भी देना पड़ता है। एमएलसी ने इस सुनिश्चित विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए क्षेत्र वासियों, किसानों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए पनवाड़ी में एक कृषि मंडी की स्थापना कराए जाने पर मुद्दा उठाया। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सरकार को आवश्यक कार्रवाई किए जाने के लिए निर्देश हैं।

जागरूकता

### जिला उद्यान केंद्र में संपन्न हुई गोष्ठी

# किसान मेले में बागवानी फसलों के लिए किसानों को किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, महोबा


मेले में लगाए गए स्टाल को देखते अधिकारी। अमृत विचार


गोष्ठी के दौरान मौजूद किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उद्यान विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में गुरुवार को जिले में संचालित एकीकृत बागवानी विकास योजना के तहत राजकीय बहुउद्देशीय औद्यानिक इकाई में दो दिवसीय किसान मेला एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान मेला का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी ने फीता काटकर किया। इसके बाद मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण किए। किसान मेला में जिले में शाक भाजी फसलों की खेती करने वाले कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जिले में बागवानी क्षेत्र के बढ़ते पायदान की प्रशंसा करते हुए कृषकों को उद्यान विभाग की संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

किसान मेला में उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र बेलाताल के अध्यक्ष डॉ. रजनीश मिश्रा ने कृषि जैविक उत्पादों, बागवानी फसलों के नियंत्रण और फसलों में आने वाले कीट प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालन और कृषि के मध्य संबंध स्थापित करते हुए बागवानी फसलों के विकास के प्रति प्रेरित किया। उप कृषि निदेशक ने कृषि विभाग की संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए सूक्ष्म सिंचाई संयंत्रों के उपयोग व रख रखाव की जानकारी देते हुए जैविक कृषि अपनाने के लिए प्रेरित किया। जितेन्द्र शुक्ल प्रभारी मृदा परीक्षण ने फसलों की खेती से पूर्व मृदा परीक्षण तथा मिट्टी में उत्पन्न होने वाले रोगों व उनके नियंत्रण से रूबरू कराया। जिला उद्यान अधिकारी सुरेश कुमार ने सूक्ष्म खाद्य उद्योगों के उन्नयन के लिए उद्यान विभाग की संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना व उन्नयन पर अधिकतम इकाई लागत 35 लाख की सीमा तक उद्यान विभाग बैंक लिंक्ड सब्सिडी के रूप में 35 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है।

बताया कि शाक भाजी मसाला की खेती करने वाले किसानों को एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत उन्नत किस्म के बीजों का वितरण किया जा रहा है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, बेलाताल में हाईटेक नर्सरी का निर्माण किया गया है, जिसमें कृषकों को सोलेनियस एवं क्रूसीफेरी पौधों को निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराते हुए जिले में शाकभाजी फसलों के क्षेत्र उत्पादन में वृद्धि हुई। किसान मेला में उद्यान विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, अरुणोदय सेवा संस्थान, आशियाना बायो एनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर लि., सूक्ष्म सिंचाई निर्माता कंपनियों ने अपने प्रादर्शों का स्टाल लगाया। जिले में बागवानी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों को मुख्य विकास अधिकारी ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान देवीचरन कुशवाहा उद्यान निरीक्षक, अमिता सिंह, सहायक उद्यान निरीक्षक सहित जिले के कृषकों ने प्रतिभाग किया।

